हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

मिल्कियाना®
Balanced Cattle Feed
Presents

कृषि संवाद

Agriculture Canclave 2026



Thursday, 22 Oct 2026

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

Health Partner
ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप



बाढ़ में लोगों की जान बचाने वाले पुलिस जवानों का किया गया सम्मान

दुर्ग। सितंबर में आई बाढ़ के दौरान लोगों की जान बचाने और प्रभावित परिवारों को सुरक्षित निकालने में अहम भूमिका निभाने वाले दुर्ग पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्यमंत्री ने पुरस्कृत कर उनके कार्यों की सराहना की है। 25 और 26 सितंबर को जिले में भारी बारिश के कारण कई इलाकों में बाढ़ और जलभराव की स्थिति बन गई थी। इस दौरान रास्ते बाधित होने से कई नागरिक प्रभावित क्षेत्रों में फंस गए थे। ऐसे मुश्किल हालात में दुर्ग पुलिस की टीमों ने मोर्चा संभालते हुए राहत एवं बचाव कार्य चलाया। बाढ़ के दौरान थाना पुलगांव क्षेत्र के ग्राम भरदा, पोसेगांव, पुलगांव और भावभूमि में जलभराव तथा ओवरफ्लो के कारण आवागमन बाधित हो गया था। इन इलाकों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए पुलिस टीम ने लगातार प्रयास किए। इसी तरह चौकी अंजोरा क्षेत्र के ग्राम चगोरी, थनौद और महमरा में भी बाढ़ से प्रभावित नागरिकों की सहायता के लिए पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। विपरीत परिस्थितियों के बीच पुलिस बल ने नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बचाव कार्य किया। दुर्ग पुलिस के जवानों ने प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की मदद की। उनके इसी योगदान को देखते हुए मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया। थाना पुलगांव के उप निरीक्षक गुरविंदर सिंह संधू थाना प्रभारी, सहायक उप निरीक्षक सुभाष साहू, आरक्षक हेमेंद्र कुर्रे, आरक्षक हरिश्चंद्र सिन्हा, चौकी अंजोरा क्षेत्र उप निरीक्षक चंद्रशेखर सोनी, आरक्षक चंद्रभान यादव, थाना कुम्हारी उप निरीक्षक पारस सिंह ठाकुर थाना प्रभारी आदि शामिल हैं।

बांसपारा में बनेगा किसान भवन, 200 से ज्यादा परिवारों को मिलेगा आबादी पट्टा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बांसपारा वार्ड 28 में मंगलवार को कैबिनेट मंत्री व शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर वार्ड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान बांसपारा में सिंचाई विभाग की रिक्त पड़ी जगह का निरीक्षण भी किया गया, जहां किसान भवन बनाए जाने को लेकर चर्चा की गई। भवन का निर्माण कृषि उपज मंडी के माध्यम से किया जाएगा।

वार्ड भ्रमण के दौरान नागरिकों द्वारा बताई गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए केबिनेट मंत्री यादव ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने तथा समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ जनसमस्याओं के निराकरण के लिए कार्य करना चाहिए। मंत्री ने कहा कि जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनना और उनका समाधान सुनिश्चित करना जनसेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। क्षेत्र के विकास एवं नागरिकों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान पार्षद ममता ओमप्रकाश सेन, एसडीएम सोनल डेविड, ईई जल संसाधन आशुतोष शाश्वत सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

बांसपारा वार्ड में पहुंचे मंत्री गजेन्द्र यादव, समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश



तालाब पार में रहने वाले परिवारों ने रखी समस्याएं

निरीक्षण के दौरान मंत्री गजेंद्र यादव स्थानी लोगों से मिले। इस दौरान लोगों ने बताया कि लंबे समय से वे यहां निवासरत हैं। अब तक उन्हें आबादी पट्टा जारी नहीं किया गया है। इस दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि तालाब पार की जगह पर आबादी पट्टा जारी नहीं होता है। इस पर पूर्व पार्षद ओम प्रकाश सेन ने कहा कि जब तालाब पार पर हाउसिंग बोर्ड में आवासों का निर्माण करा सकता है, तो फिर लोगों को पट्टा जारी क्यों नहीं हो सकता। इस दौरान उन्होंने किसान भवन बनाए जाने की भी मांग मंत्री के समक्ष रखी। इस पर मंत्री ने अधिकारियों से सिंचाई विभाग की रिक्त जगह पर किसान भवन निर्माण के लिए कार्ययोजना तैयार करने के लिए निर्देशित किया। इस अपर पूर्व पार्षद ओम प्रकाश सेन सहित अन्य ने मंत्री का आभार व्यक्त किया।

लंबित प्रकरणों के निराकरण को लेकर सामने आई लापरवाही

पीजीएन, पीजी, ई-समाधान पोर्टल में एक साल तक के आवेदन पेंडिंग, कलेक्टर ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने प्रकरण निराकरण पश्चात सूची से विलोपित कराने फाईल कलेक्टर को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार माननीय उच्चन्यायालय बिलासपुर में लंबित प्रकरणों हेतु विभाग द्वारा नियुक्त प्रभारी अधिकारी समय-सीमा में जवाब दावा प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के अभ्यावेदन कलेक्टोरेट स्थित सांख्यिकीय ज्यूडिशियल शाखा में दर्ज है। विभाग जिनका प्रकरण निराकरण हो गया है अधिकारी ज्यूडिशियल शाखा से जानकारी प्राप्त कर कलेक्टोरेट कार्यालय में प्रकरण विलोपित कराने फाइल प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान जनशिकायत से संबंधित पोर्टलों में 90 दिवस एवं एक साल से प्रकरण लंबित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी। कलेक्टर ने कहा कि कलेक्टर जनदर्शन, पीजीएन, पीजी, ई-समाधान पोर्टलों में लंबित प्रकरणों का संबंधित विभागीय अधिकारी प्राथमिकता के साथ परीक्षण कर एक सप्ताह के भीतर निराकृत करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि ई-ऑफिस अंतर्गत निराकृत फाईल पार्क करना सुनिश्चित करें। ईएचआरएमएस अंतर्गत समस्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारी अनबोर्ड होने के साथ ही विभागों में अवकाश स्वीकृति की प्रक्रिया ऑनलाईन हो।

हाईकोर्ट के लंबित प्रकरणों में समय पर जवाब दावा प्रस्तुत करने के दिए निर्देश



पावर ग्रिड के प्रभावित किसानों को मुआवजा मिलेगा जल्द

कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम संबंधित क्षेत्र में पावर ग्रिड प्रभावित किसानों को समय पर मुआवजा राशि वितरण करायें। स्वीकृत मुआवजा राशि लंबित न रखे। बैठक में वय वंदन योजना, छात्रवृत्ति हेतु आवेदन और धान खरीदी हेतु उपलब्ध बारदाने की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा स्थानीय, नगरीय निकाय चुनाव हेतु विभागों से निर्धारित गुगलशीट में कर्मचारी डाटा एन्ट्री कराने कहा गया। बैठक में एडीएम विरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के सीईओ बीके दुबे, नगर निगम दुर्ग की आयुक्त लीना कोसम, नगर निगम भिलाई की आयुक्त सुरूचि सिंह, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त डी. राजपूत सहित सभी एसडीएम व जनपद सीईओ, सभी विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

नवंबर से होगी धान की खरीदी तैयारियों को लेकर ली जानकारी

कलेक्टर ने बैठक में धान खरीदी से जुड़े विभागों से जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों ने अवगत कराया कि हर वर्ष की तरह इस साल भी नवंबर महीने में धान की खरीदी होनी है। इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। किसानों का एग्रीस्टेक पर पंजीयन किया जा रहा है। इस अलावा बारदानों की उपलब्धता पर्याप्त है। नए के लिए डिमांड तैयार किया जा रहा है। शासन से अनुमति के बाद आगे की प्रक्रिया की जाएगी। इसके अलावा सोसाइटियों में धान रखने के लिए फड़ तैयार किए जा रहे हैं। सफाई के लिए निर्देशित किया जा चुका है। अर्ली वैराइटी के धान तैयार हो चुके हैं। उनका कटना जल्द शुरू होना है। कलेक्टर ने अक्टूबर महीने के अंत तक धान खरीदी की तैयारी पूरी करने के लिए निर्देशित किया।

शारीरिक दक्षता परीक्षा के पूर्व प्रशिक्षण का आयोजन

भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती वर्ष 2026-27 के अंतर्गत ऑनलाइन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार दुर्ग जिले के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अग्निवीर भर्ती 2026-27 की ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सीईई) उत्तीर्ण कर ली है और शारीरिक दक्षता परीक्षा से पहले प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं, वे 21 अक्टूबर की सुबह 6 से 8 बजे तक रविशंकर स्टेडियम, दुर्ग में उपस्थित होने की अपील की गई है।

ट्रैफिक पुलिस ने पदयात्रियों के बैग पर लगाया रेडियम स्टिकर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



नवरात्रि पर्व में डोंगरगढ़ पहुंचने वाले पदयात्रियों के लिए ट्रैफिक पुलिस ने उनकी सुरक्षा के लिए कपड़े और बैगों पर रेडियम स्टीकर लगाया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग ने मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाने वाले भक्जनों के लिए सुरक्षा एवं सुगम आवागमन के लिए यह व्यवस्था किया है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। बड़ी संख्या में भक्तजन पदयात्रा कर डोंगरगढ़ पहुंचते हैं। ऐसे में रात के समय सड़क हादसों की रोकथाम, पदयात्रियों की सुरक्षा, ट्रैफिक के सुचारु संचालन को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस द्वारा विभिन्न स्तरों पर आवश्यक इंतजाम किया गया है। पदयात्रियों की दृश्यता बढ़ाने के लिए उनके कपड़ों एवं बैग पर रेडियम स्टिकर लगाए जा रहे हैं। इससे वाहन चालकों को सड़क पर चल रहे पदयात्री दूर से दिखाई दे सकेंगे। दुर्घटनाओं की आशंका को कम करने में सहायता मिलेगी। पदयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उपलब्ध सर्विस रोड को अलग कर पदयात्रियों के आवागमन के लिए व्यवस्थित किया गया है। जिन स्थानों पर सर्विस रोड उपलब्ध नहीं है, वहां बांस-बल्ली एवं कॉशनरी टेप लगाकर पदयात्रियों के लिए पृथक मार्ग तैयार किया गया है। जिससे पदयात्रियों और वाहनों के बीच टकराव की संभावना कम हो सके। पदयात्रियों की सुरक्षा के लिए कुम्हारी से अंजोरा बाईपास तक पदयात्री मार्ग पर 24 घंटे पेट्रोलिंग वाहनों की तैनाती की गई है।

पावर हाउस चौक व जेल तिराहा में पुलिस बीट

रूट डायवर्जन एवं ट्रैफिक व्यवस्था की जानकारी देने के लिए पावर हाउस चौक एवं जेल तिराहा में पुलिस बीट, पीए सिस्टम की व्यवस्था की गई है। पदयात्रियों को निर्धारित मार्ग पर भेजा जा रहा है। अनावश्यक भीड़ ट्रैफिक अव्यवस्था की स्थिति निर्मित न हो। पदयात्रा मार्ग पर लगातार निगरानी बनाए रखने के लिए पुलिस बल की ड्यूटी तीन पालियों में लगाई गई है। पदयात्रियों की सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण एवं आवश्यक सहायता के लिए पुलिस की उपलब्धता बेहतर किया जा रहा है।

मेयर ने वार्डों की समस्याओं के समाधान पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



महापौर अलका बाघमार ने मोतीलाल सभागार में निगम क्षेत्र के पार्षदों के साथ बैठक कर शहर में जारी एवं प्रस्तावित छोटे-बड़े विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में महापौर ने पार्षदों से उनके वार्डों की समस्याओं एवं आवश्यक विकास कार्यों के संबंध में सुझाव लिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पार्षद संबंधित इंजीनियर से संपर्क कर विकास कार्यों के एस्टीमेट तैयार करवाएं, ताकि कार्यों को गति दी जा सके। शहर की स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए संपत्तिकर जमा करने वाले नागरिकों को डस्टबिन वितरित करने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही अटल आवास, बॉम्बे आवास एवं आईएचएसडीपी आवासों के बीच खाली स्थानों का कांक्रीटीकरण, जलभराव की समस्या का समाधान, सामुदायिक भवनों का संधारण, गार्डन एवं मुक्तिधामों का रखरखाव तथा शासकीय तालाबों के सौंदर्यीकरण जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान सभापति श्याम शर्मा एवं लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर भी मौजूद थे।

आयुष्मान से मिली राहत

दुर्ग। किसी भी परिवार के लिए बच्चे का जन्म खुशियों का अनमोल पल होता है। लेकिन कई बार अस्पताल में प्रसव और उपचार का खर्च परिवार के लिए आर्थिक चिंता का कारण बन जाता है। ऐसे समय में शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ा सहारा बनती हैं। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना ने रिसाली निवासी संस्कृति वर्मा के परिवार को भी ऐसी ही राहत प्रदान की है। शंकराचार्य अस्पताल में उनके दूसरे बच्चे का प्रसव आयुष्मान योजना के अंतर्गत निःशुल्क हुआ, जिससे परिवार को आर्थिक बोझ की चिंता नहीं करनी पड़ी।

स्वामी विवेकानन्द के विचारों में निहित है मानव-उत्कर्ष का मार्ग : शरद विवेक सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



आफिसर्स एसोसिएशन, भिलाई इस्पात संयंत्र और रामकृष्ण सेवा मंडल, भिलाई द्वारा स्वामी आत्मानन्द की जयंती के उपलक्ष्य में मानव-उत्कर्ष और स्वामी विवेकानन्द' विषय पर स्वामी आत्मानन्द स्मृति व्याख्यान प्रगति भवन में हुआ। अध्यक्षता रामकृष्ण मिशन विवेकानन्द आश्रम की पत्रिका विवेक ज्योति के संपादक स्वामी प्रपत्त्यानन्द ने की।मुख्य वक्ता डेक्सटेरिटी ग्लोबल, पटना के सीईओ शरद विवेक सागर तथा विशिष्ट वक्ता पीठ के सचिव पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. ओमप्रकाश वर्मा उपस्थित थे।

बीएसपी ओए के अध्यक्ष एनके बंछोर ने स्वामी आत्मानन्द के जीवन पर प्रकाश डाला और अतिथियों का परिचय दिया। वक्ता शरद विवेक सागर ने 'मानव-उत्कर्ष और स्वामी विवेकानन्द विषय पर अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानन्द का दर्शन केवल आध्यात्मिकता तक सीमित नहीं था, बल्कि वह व्यक्ति निर्माण, चरित्र निर्माण, शिक्षा, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण का व्यापक दर्शन था। उनका विश्वास था कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर अपार शक्ति विद्यमान है ।

डॉ. ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा को आधुनिक संदर्भों में प्रस्तुत करते हुए पूरी दुनिया को मानवता, सहिष्णुता और सेवा का संदेश दिया।उन्होंने कहा कि विवेकानन्द जी के लिए शिक्षा का उद्देश्य केवल सूचना या डिग्री प्राप्त करना नहीं था, बल्कि मनुष्य के भीतर निहित शक्ति एवं चरित्र का विकास करना था। स्वामी प्रपत्त्यानन्द ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द का चिंतन कालजयी है। उन्होंने कहा कि विवेकानन्द ने भारत की आध्यात्मिक शक्ति को विश्व के सामने स्थापित करने के साथ भारतीय समाज को आत्मविश्वास और आत्मगौरव का संदेश दिया।ओए के महासचिव अंकुर मिश्रा द्वारा आभार प्रदर्शन और संचालन जितेंद्र मानिकपुरी ने किया। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र मानिकपुरी ने किया। इस अवसर ओए कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू सहि प्रहलाद मौर्या, अनु पी, संजय तिवारी, श्रवण कुमार शुक्ला, विकास कुमार सिन्हा, विनीत वर्मा तथा श्री रामकृष्ण सेवा मंडल, भिलाई के सचिव श्री तुषार सिंह सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में बार-बार बिजली कटौती से उद्योगों के अस्तित्व पर संकट



भिलाई। छत्तीसगढ़ को देश के प्रमुख ऊर्जा उत्पादक राज्यों में गिना जाता है। इसके बावजूद प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में आए दिन कई-कई घंटों तक बिजली बंद रहने की समस्या उद्योग जगत के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण उद्योगों का उत्पादन प्रभावित हो रहा है, मशीनों का संचालन बाधित हो रहा है और उद्यमियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। चेंबर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब उद्योगों को निर्बाध बिजली ही नहीं मिलेगी, तो वे अपने कारोबार और उत्पादन को सुचारु रूप से कैसे संचालित कर पाएंगे?

- चेम्बर ने जताई चिंता मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने उद्योग जगत की इस गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए स्वयं को उद्योगों के लिए ऊर्जा मित्र के रूप में प्रस्तुत किया है। उद्योग जगत में संकट के विषय को मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर समस्या से अवगत कराया। चेम्बर भिलाई के चेयरमैन दिनकर बसोतिया ने बताया कि उद्योग किसी भी प्रदेश की आर्थिक प्रगति, रोजगार सृजन और विकास की रीढ़ होते हैं। यदि उद्योगों को समय पर और पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं होगी, तो इसका सीधा असर उत्पादन, व्यापार, श्रमिकों के रोजगार और प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। उद्योग चेम्बर अध्यक्ष जेपी गुप्ता ने कहा कि उद्योगों में बिजली कटौती का असर केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रहता। मशीनों के अचानक बंद होने से उत्पादन प्रक्रिया प्रभावित होती है, तैयार माल की आपूर्ति में देरी होती है और कई उद्योगों को दोबारा मशीनें चालू करने में अतिरिक्त समय एवं खर्च उठाना पड़ता है। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्र ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ स्वयं ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रखता है, तब प्रदेश के उद्योगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ना चिंता का विषय है। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए केवल निवेश आकर्षित करना पर्याप्त नहीं है।



तापमान
अधिकतम 30.8 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

[भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर]

02 पीजीएन, पीजी, ई-समाधान पोर्टल में एक ...



06 सड़कों पर भटक रहे आवारा मवेशी और बर्बाद...



ओपन परीक्षा में 10वीं,12वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारमुखी प्रशिक्षण फायर सेफ्टी के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

हरिभूमि सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
14 अक्टूबर 2026
कूपन नं. 8

नवरात्रि विशेष



चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं.
सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें।

बिजली तार रहेंगे एआई के घेरे में... ट्रेन का होगा सुरक्षित परिचालन

रेलवे करेगा ड्रोन सर्वे, होगा बड़े ब्रेकडाउन का खतरा कम, छोटे फॉल्ट भी पकड़ में आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्रेनों की सुरक्षित और बिना रुकावट संचालन के लिए रेलवे अब नई तकनीक का सहारा ले रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में रेलवे की बिजली लाइनों और संरचनाओं की निगरानी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस ड्रोन का इस्तेमाल करना शुरु किया है।

इससे छोटी-छोटी तकनीकी खराबियों का पता भी जल्दी लगाया जा सकेगा। रायपुर मंडल के इलेक्ट्रिकिल डिपार्टमेंट ने ओवरहेड इक्विपमेंट यानी ट्रेनों को बिजली देने वाली तारों और उनके खंभों की जांच के लिए आधुनिक ड्रोन तैनात किए हैं। ये ड्रोन ऊंचाई से पूरी लाइन और उससे जुड़े उपकरणों की तस्वीरें और वीडियो लेते हैं। ड्रोन से ली गई हाई-क्वालिटी फोटो और वीडियो को एआई टूल्स की मदद से जांचा जाता है। एआई तस्वीरों में मौजूद छोटे-छोटे बदलाव या खामियों को पहचान लेता है और बता देता है कि किस जगह पर समस्या हो सकती है। अगर बिजली की तार टूट जाए या कोई फिटिंग अचानक गिर जाए, तो ट्रेन रुक सकती है, बड़ा ब्रेकडाउन हो सकता है। ड्रोन निरीक्षण में अगर पता चल जाए कि किसी जगह तार घिस रही है, तो उसे पहले ही बदल दिया जाएगा। इससे ट्रेन बीच रास्ते में रुकने या दुर्घटना का खतरा कम हो जाता है। इसके अलावा ड्रोन एक दिन में कई किलोमीटर लाइन की जांच कर सकता है।

जबकि मैनुअल जांच में ज्यादा समय और कर्मी लगते हैं। रेलवे का मेंटेनेंस तेज और सस्ता हो जाता है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक एआई और ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल रेलवे सुरक्षा, रखरखाव को मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

बिजली खंबों के लिए आधुनिक ड्रोन का होगा उपयोग



छोटी खराबी पहले ही पकड़ में आ जाएगी

रेलवे के मुताबिक किसी जगह बिजली की तार को पकड़ने वाला क्लैंप थोड़ा ढीला हो गया है। जमीन से देखने पर यह आसानी से नजर नहीं आता। ड्रोन ऊपर से उसकी जूम फोटो और वीडियो ले लेता है। फिर एआई उस तस्वीर को देखकर बता देता है कि क्लैंप ढीला है। इससे रेलवे टीम समय रहते उसे ठीक कर देती है, और बाद में बड़ी खराबी नहीं होती। कई रेलवे लाइनें घने जंगल, पहाड़ी या पुलों के ऊपर से गुजरती है। वहां हर खंभे और तार की जांच करना कर्मियों के लिए मुश्किल और जोखिम भरा होता है।

एआई साफ्टवेयर जांच करेगा

बताया गया है कि ड्रोन उड़कर बिजली लाइन, खंबो की फोटो वीडियों आसानी से ले सकता है। इन तस्वीरों को एआई साफ्टवेयर से जांचा जाएगा जो छोट तकनीकी से खराबियों को पहचान लेगा। इससे रेलवे की टीम समय रहते उसका मरम्मत कर लेगी। जिससे बड़ा ब्रेकडाउन टल जाएगा। अगर तार ढीली क्लैंप टूटे या फिटिंग झूके हुए मिले तो सिस्टम असानी से सजग हो जाएगा। 20-30 खंभों की जांच करनी है, तो ड्रोन उड़ाकर ट्रेन रोके बिना भी ऊपर से वीडियो रिकॉर्ड किया जा सकता है। इससे ट्रेन संचालन प्रभावित नहीं होता।

सुरक्षित और बेहतर संचालन के लिए

ट्रेन का संचालन सुरक्षित और बेहतर हो जाएगा। इसके लिए ड्रोन का इस्तेमाल हो रहा है। इससे कई छोटे-मोटे फाल्ट भी आसानी से पता लगाया जा सकता है। ड्रोन से ली गई हाई-क्वालिटी फोटो और वीडियो को एआई टूल्स की मदद से जांचा जाता है।

डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रायपुर

भिलाई को मिली 50 इलेक्ट्रिक बसों की सौगात, नवंबर से सड़कों पर दौड़ेंगी ई-बसें

लोगों को किफायती किराए का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारत के प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की शहरी परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुलभ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भिलाई शहर के लिए 50 इलेक्ट्रिक बसों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें से प्रथम चरण में नवंबर 2026 से 20 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रारंभ करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसके लिए विभिन्न मार्गों का रूट चार्ट भी तैयार कर लिया गया है। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से दुर्ग-भिलाई सहित आसपास के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।



किफायती दरों में चलेगी बसें

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा आम नागरिकों को किफायती दरों पर सुरक्षित एवं सुविधाजनक यातायात सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से प्रतिदिन आवागमन करने वाले नौकरीपेशा नागरिकों, विद्यार्थियों, व्यापारियों, श्रमिकों एवं अन्य यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा। साथ ही निजी वाहनों पर निर्भरता कम होने से यातायात दबाव में कमी आने तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलने की भी उम्मीद है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्वीकृत इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए तैयार रूट चार्ट में दुर्ग, भिलाई, रायपुर एवं आसपास के प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी होगा ई-बसों का परिचालन

दुर्ग बस स्टैंड से बेरला बस स्टैंड, दुर्ग रेलवे स्टेशन से गुण्डरदेही, दुर्ग रेलवे स्टेशन से चंदूलाल अस्पताल, दुर्ग बस स्टैंड से पावर हाउस बस स्टैंड, दुर्ग बस स्टैंड से साजा बस स्टैंड तथा दुर्ग बस स्टैंड से गंडई बस स्टैंड, दुर्ग रेलवे स्टेशन से पाटन, दुर्ग बस स्टैंड से उतई, दुर्ग रेलवे स्टेशन से रायपुर बस स्टैंड, दुर्ग रेलवे स्टेशन से माना एयरपोर्ट, दुर्ग रेलवे स्टेशन से नया रायपुर तथा दुर्ग रेलवे स्टेशन से उतई तक भी इलेक्ट्रिक बस सेवा संचालित करने के लिए रूट निर्धारित किए गए हैं। इन मार्गों पर ई बस सेवा प्रारंभ होने से यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी।

लेनदेन के विवाद में जवान का अपहरण कर पिटाई, महिला और पुरुष गिरफ्तार

भिलाई। रकम लेनदेन को लेकर सीएएफ के जवान का अपहरण कर उसे बंधक बनाकर मारपीट करने वाले महिला और पुरुष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना पुलगांव प्रभारी गुरविंदर संधु ने बताया कि सीएएफ के कंट्रोल से सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। जहां से जवान विजय शील से छुड़या गया। विजय 6 वीं बटालियन रायगढ़ में पदस्थ है। जवान का महिला हरजिंदर कौर से करीब 11 लाख रुपए का पुराना लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। विवाद के बीच जवान विजय दुर्ग पहुंचा था। जब जवान दुर्ग पहुंचा तो उसे वाहन में हरजिंदर कौर और चालक कृष्ण सिंह जबरन वाहन में बिठाकर पुलगांव थाना क्षेत्र के गोकुल नगर के पास कॉलोनी के मकान में लाया गया। यहां उसके साथ मारपीट कर स्टाम्प पेपर में रकम को लेकर लिखापढ़ी की गई। छग सशस्त्र बल के विजय शील का अपहरण कर उसे बंधक बनाने और मारपीट करने की खबर सामने आई थी। आरोप है कि जवान को बस स्टैंड से अपहरण कर मकान में ले जाया गया था। जवान किसी तरह जान बचाकर भागने में कामयाब रहा।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा 40 मेडिकल फर्मों का किया औचक निरीक्षण, पानठेलों की भी जांच

आशीर्वाद ब्लड बैंक में नहीं मिला फॉर्मासिस्ट, थमाया नोटिस दो मेडिकल सेंटर नहीं पेश कर पाए खरीदी-बिक्री का रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा 40 मेडिकल फर्मों का निरीक्षण किया गया। धमधा ब्लाक में संचालित 02 फर्म मेसर्स मां कमला मेडिकल स्टोर्स ग्राम पेंडरी गोबरा एवं आशा लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स पेंड्री गोबरा में औषधियों के क्रय-विक्रय रिकार्ड एवं शेडयूल एच 01 के रिकार्ड का संधारण नियमानुसार नहीं पाए जाने के कारण उक्त फर्मों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसी प्रकार आर्शीवाद ब्लड सेंटर नेहरू नगर का निरीक्षण किया जिसमें फर्म मेसर्स दिशा मेडिकल स्टोर्स नेहरू नगर भिलाई में





फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए जाने के कारण उक्त फर्म को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

गत माह किए गए निरीक्षण जिसमें औषधियों के क्रय-विक्रय रिकार्ड एवं शेडयूल एच 01 के रिकार्ड का संधारण नियमानुसार नहीं पाए जाने के आधार पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था एवं फर्मों से संतोष जनक जवाब प्राप्त नहीं होने पर फर्म मेसर्स न्यू भावना मेडिकल स्टोर्स बोरसीभाठा दुर्ग, मां हरसिद्धी मेडिकोज बोरसी दुर्ग एवं श्रीवेदिका मेडिकल स्टोर्स कुम्हारी, मेसर्स मां लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स सिरसारोड कोहका, प्रशांत मेडिकल तितुरडीह एवं मनीष मेडिकल परमार गली कैलाशनगर और मेसर्स गुरूदेव मेडिकोज ग्राम कातरो और प्रधानमंत्री जन औषधि स्टोर्स जलेबी चौक भिलाई पर निलंबन की कार्यवाही की जा रही है। कोटपा अधिनियम के तहत गंजपारा दुर्ग कार्य क्षेत्र में संचालित विभिन्न पान ठेलों पर 11 चालानी कार्यवाही करते हुए कुल 700 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इस दौरान औषधि निरीक्षक जागेश्वरी साहू, विष्णु प्रसाद साहू और चंद्रकला ठाकुर मौजूद थे।

राजस्थान के तीन युवक से गांजा बरामद, गिरफ्तार

भिलाई। गांजा की तस्करी करने वाले तीन राजस्थानी युवकों को पुलिस ने



गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलगांव नाले दुर्ग के पास दबिश देकर कल्याणसर बीकानेर निवासी कालू राम माहिया, सीकर निवासी अभिमन्यु सिंह, श्रीडूंगरगढ़ निवासी रामानंद चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने गांजा 15.737 किलोग्राम और तीन मोबाइल जब्त किया है। पुलिस ने तीनों युवकों के पास से पिठ्ठू बैग में अवैध मादक पदार्थ बरामद किया। युवकों द्वारा ग्राहक की तलाश में गांजा रखकर घूम रहे थे। पुलगांव पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को गिरफ्तार किया है।





हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

लाइव इवेंट

दो दिवसीय गरबा का आगाज आज से, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और डॉ. हिमांशु द्विवेदी होंगे शामिल



दुर्ग। दुर्ग नवनिर्माण समिति द्वारा नवरात्रि पर दो दिवसीय गरबा का आयोजन 14 और 15 अक्टूबर को किया जा रहा है। शाम 7 बजे से सिविल लाईन स्थित हॉकी मैदान से इसकी शुरुआत होगी। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समिति के संरक्षक और पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने बताया कि गरबा उत्सव हमारी सांस्कृतिक परंपराओं, आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। दुर्ग नवनिर्माण समिति का प्रयास है कि इस आयोजन के माध्यम से सभी वर्गों के लोगों को एक ऐसा मंच मिले, जहां वे परिवार सहित उत्सव का आनंद ले सकें और मां दुर्गा की भक्ति में सहभागी बनें। उन्होंने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। अध्यक्ष गौरव उमरे ने बताया कि समिति द्वारा लगातार तीसरे वर्ष इस गरबा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जबलपुर का प्रसिद्ध राग बैंड अपनी प्रस्तुति देगा। कार्यक्रम में एंकर के रूप में ऐश्वर्या साहू मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम में अतिथियों को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। गरबा को लेकर शकुंतला मंगलम में प्रतिदिन दोपहर के समय प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। प्रवेश निशुल्क है। वहीं विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।



■ आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी

लाइव इवेंट

नेत्र चिकित्सक डॉ. गुंजन सलूजा ने नेत्र चिकित्सा की राष्ट्रीय अकादमिक दुनिया में बढ़ाया शहर का मान



भिलाई। नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में पोस्ट ग्रेजुएट विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षणरत नेत्र रोग विशेषज्ञों के लिए एक महत्वपूर्ण अकादमिक पहल के रूप में क्लिनिकल ऑप्थल्मोलॉजी, ए पोस्टग्रेजुएट ऑप्थल्मोलॉजी टेक्स्टबुक पुस्तक का हाल ही में विमोचन किया गया है। इस पुस्तक के को-एडिटर के रूप में भिलाई की भाटिया नेत्रालय की वरिष्ठ चिकित्सिका एवं जानी-मानी ऑप्थल्मोलॉजिस्ट डॉ. गुंजन सलूजा जुड़ी हुई हैं। डॉ. गुंजन सलूजा प्रख्यात अंतरराष्ट्रीय नेत्र विशेषज्ञ डॉ. प्रियव्रत भाटिया की पत्नी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जी. भाटिया व सेक्टर-1 हॉस्पिटल में नेत्र विभाग की विभागाध्यक्ष रहीं डॉ. कीर्ति भाटिया की पुत्रवधू हैं। बताया गया कि यह पुस्तक विशेष रूप से एमडी-डीएनबी सहित पोस्ट ग्रेजुएट नेत्र चिकित्सा विद्यार्थियों, प्रशिक्षणरत चिकित्सकों एवं युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों की शैक्षणिक एवं व्यावहारिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। पुस्तक में नेत्र चिकित्सा से संबंधित क्लिनिकल नॉलेज महत्वपूर्ण अवधारणाओं तथा रोगों के निदान एवं उपचार की व्यावहारिक दृष्टिकोण को समग्र रूप से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। पुस्तक के को-एडिटर डॉ गुंजन सलूजा ने उम्मीद जताई कि क्लीनिकल ऑप्थल्मोलॉजी आने वाली पीढ़ी के नेत्र चिकित्सकों के लिए एक उपयोगी और विश्वसनीय अध्ययन-सहायक साबित होगी।

लाइव इवेंट

दुर्घटना, ऑपरेशन और गंभीर बीमारियों में मरीजों को रक्त की जरूरत पड़ने से पहले किया



भिलाई। कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर-7, भिलाई में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 41 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना और जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए आगे आने की प्रेरणा देना हैं। यह शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक महाविद्यालय के सभागार में आयोजन किया गया। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों, युवाओं और आम नागरिकों को रक्तदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि दुर्घटना, ऑपरेशन और गंभीर बीमारियों के समय मरीजों को रक्त की जरूरत पड़ सकती है। ऐसे समय में रक्तदाताओं का सहयोग बहुत उपयोगी साबित होता है। रक्तदान शिविर के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि रक्तदान एक महान कार्य है। किसी जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर रक्त मिलना उसके जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

● हरिभूमि, आईएनएच एवं सर्व शक्ति सेवा समिति के दिलबर डांडिया महोत्सव के तीसरे दिन दिखा उत्साह

पारंपरिक थीम पर मिला रहे गरबा की ताल से कदम, ट्विनसिटी में सभी आयु वर्गों के लोगों में दिखा उत्साह, अंतिम पांच दिनों में मिलेंगे आकर्षक उपहार

नवरात्रि की शाम हो, गुजराती गीतों की गूंज हो और डांडिया की खनक पर कदम मिलाने का मौका मिले, तो भला ट्विनसिटी के लोग पीछे कैसे रहें। सिविक सेंटर स्थित वेल्डेक्स ग्राउंड में इन दिनों कुछ ऐसा ही नजारा देखने मिल रहा है। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधान, एक जैसे ड्रेस कोड में पहुंचते युवाओं के समूह, हाथों में आकर्षक प्रॉप्स और गरबा के नए-नए स्टेप्स के साथ मैदान में उत्सव का रंग लगातार गहरा रहा है। हरिभूमि, आईएनएच एवं सर्व शक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय दिलबर डांडिया महोत्सव के तीसरे दिन मंगलवार को बड़ी संख्या में शहरवासियों के पहुंचने और गरबा-

भिलाई। महोक्सव में इस बार केवल पारंपरिक गरबा ही नहीं, बल्कि प्रतिभागियों का नया अंदाज भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। युवा अपने दोस्तों के साथ अलग-अलग ड्रेस कोड में पहुंच रहे हैं। कहीं एक जैसे रंगों के परिधान पहने समूह नजर आ रहे हैं, तो कहीं खास थीम के अनुरूप तैयार होकर प्रतिभागी अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। हाथों में रंगीन डांडिया, सजावटी प्रॉप्स और आकर्षक वेशभूषा के साथ लोग अपने नृत्य को यादगार बनाने में जुटे हैं। समूह में कदम मिलाने और एक जैसी वेशभूषा के साथ तस्वीरें खिंचवाने का उत्साह भी दिखाई दे रहा है। इससे गरबा का मैदान गरबा नृत्य के साथ साथ रचनात्मकता और मेल-मिलाप का भी केंद्र बना हुआ है। जहां हर बार केवल गरबा के आयोजन में मिलने वाले लोग फिर से एक बार हरिभूमि के आयोजन में एक-दूसरे से मिल रहे है।



भवानी गरबा से सनेडो तक, हर धुन पर थिरक रहे कदम

गुजराती गीतों की लय के साथ भवानी गरबा, सनेडो, दो ताली और चौकड़ी-छकड़ी जैसे पारंपरिक स्टेप्स प्रतिभागियों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। कहीं महिलाएं समूह में गरबा करती नजर आ रहे हैं, तो कहीं युवतियां और युवक नए स्टेप्स के साथ अपनी प्रस्तुति को खास बना रहे हैं। डांडिया की छड़ियों की खनक और तालियों की गूंज के बीच पूरा परिसर उत्सवी माहौल में डूब जाता है। पारंपरिक नृत्य शैलियों के साथ नए अंदाज का मेल आयोजन को हर दिन अलग रंग दे रहा है। जो लोग पहली बार गरबा में शामिल हो रहे हैं, वे भी दूसरों के साथ कदम मिलाकर उत्साहपूर्वक नृत्य करते नजर आते हैं।

बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सबके लिए उत्सव

दिलबर डांडिया महोत्सव की खासियत यह है कि यहां उत्साह किसी एक आयु वर्ग तक सीमित नहीं है। बच्चे, किशोर, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग, सभी गरबा की उमंग में शामिल हो रहे हैं। परिवार के सदस्य साथ पहुंचकर नृत्य का आनंद ले रहे हैं, वहीं मित्रों के समूह अपनी पसंद के गीतों पर थिरकते दिखाई दे रहे हैं। नौ दिनों तक चलने वाला यह आयोजन ट्विनसिटी के लोगों को रोजमर्रा की व्यस्तता से निकलकर साथ समय बिताने और नवरात्रि की खुशियां साझा करने का अवसर दे रहा है। निःशुल्क प्रवेश होने से आयोजन में शामिल होने के लिए शहरवासी अपने परिवार और मित्रों के साथ सीधे पहुंचकर उत्सव का हिस्सा बन सकते हैं।

19 अक्टूबर तक चलेगा महोत्सव, अंतिम पांच दिनों में उपहार

हरिभूमि का डांडिया महोत्सव पिछले 12 वर्षों से ट्विनसिटी की नवरात्रि का खास आकर्षण बना हुआ है। इस बार भी नौ दिवसीय आयोजन को लेकर लोगों में खास उत्साह है। सर्व शक्ति सेवा समिति द्वारा महोत्सव के अंतिम पांच दिनों में प्रतिभागियों के लिए आकर्षक उपहार रखे गए हैं, जिससे आने वाले दिनों में उत्सव का रोमांच और बढ़ेगा। 19 अक्टूबर तक चलने वाले इस आयोजन में शहरवासी प्रतिदिन सिविक सेंटर स्थित वेल्डेक्स ग्राउंड पहुंचकर गरबा और डांडिया का आनंद ले सकते हैं। दूसरे दिन के आयोजन में मुख्य अतिथि के रुप में भिलाई निगम के एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू, अधिवक्ता संघ के महासचिव रविशंकर सिंह, खाटू श्याम ज्योतिष पेंजित संदीप शास्त्री, संस्कृति बुटिक दुर्ग की संचालिका ग्रीष्मा व्यास, संयुक्त महिला समिति रिसाली की अध्यक्ष अनुजा अग्रवाल, सरस्वती श्रीवास्तव, नीरा लखेरा, ओजस महिला समिति की अध्यक्ष ललिता सिंह, समाजसेविका संगीता प्रशांत पांडे, संस्कार बुटिक की संचालिका प्रभा गुप्ता, महिला पुलिस काउंसलर जया दुबे, रिता वैष्णव, माया अधिकारी, कोकिला योना और डॉ सविता ललित मोहन सहित समिति के जोना जोनाथन, अविनाश महेश्वरी, सोनम टंडन और हरिभूमि की टीम मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन संगीता मिश्रा ने किया।













कार्नर न्यूज

पैदल यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाएगाा सेफ वॉकिंग कॉरिडोर ट्रैफिक हैकाथॉन में रूंगटा के दो विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

भिलाई। शहर की सडक़ों पर पैदल चलने वालों को रास्ते में होने वाली परेशानियों से बचाने के लिए रूंगटा यूनिवर्सिटी के दो विद्यार्थियों ने सेफ वॉकिंग कॉरिडोर का मॉडल तैयार किया है। शुभ राज गुप्ता और अनिकेत पाठक के इस प्रस्ताव में पूरे रास्ते को सुरक्षित बनाने पर जोर दिया गया है, ताकि लोग बिना किसी रुकावट और खतरे के अपनी मंजिल तक पहुंच सकें। हाल ही में हुए रायपुर ट्रैफिक हैकाथॉन में 457 प्रस्तावों के बीच इस मॉडल को दूसरा पुरस्कार मिला। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में आयोजित सम्मान समारोह में दोनों विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। रायपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से आयोजित इस हैकाथॉन का अंतिम चरण 27 सितंबर को एनआईटी रायपुर में हुआ था। इसमें 37 टीमों ने अपने प्रस्ताव प्रस्तुत किए। एनआईटी रायपुर और इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के छत्तीसगढ़ राज्य केंद्र ने तकनीकी सहयोग दिया। राज्य सरकार ने प्रतियोगिता में मिले सुझावों को लागू करने पर विचार करने की बात कही है।

क्या है सेफ कोरीडोर मॉडल

प्रस्ताव के तहत पहले ऐसे रास्तों की पहचान की जाएगी, जहां लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। इसके बाद पूरे मार्ग का निरीक्षण कर यह पता लगाया जाएगा कि कहां सडक़ पार करने में परेशानी है, कहां वाहनों और पैदल यात्रियों के बीच टकराव का खतरा है और कहां जलभराव, रोशनी की कमी या अतिक्रमण के कारण रास्ता बाधित हो रहा है। इसके बाद हर समस्या के अनुसार सुधार तय करने और संबंधित विभाग की जिम्मेदारी निर्धारित करने का सुझाव दिया गया है। काम पूरा होने के बाद दोबारा जांच भी होगी, ताकि पता चल सके कि परेशानी वास्तव में दूर हुई या नहीं।



राजधानी के तीन क्षेत्रों को बनाया उदाहरण

रूंगटा यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने अपने प्रस्ताव में जय स्तंभ चौक, कोतवाली-मालवीय रोड और मालवीय रोड एमजी रोड की समस्याओं को उदाहरण के तौर पर शामिल किया है। मॉडल को पहले किसी एक मार्ग पर 8 से 12 सप्ताह तक आजमाने का सुझाव दिया गया है। इस दौरान पैदल चलने के लिए उपलब्ध जगह, सडक़ पार करने में जोखिम और बस स्टॉप तक पहुंचने जैसी बातों का आकलन किया जाएगा।

सिटी इवेंट

बीएसपी के पूर्व एमडी विनोद अरोरा को आईआईआईई ने दिया फेलोशिप अवार्ड



भिलाई। इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रीय संस्था इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग भिलाई चेप्टर की बैठक भिलाई निवास काफी हाउस में हुई। बैठक में जानकारी दी गई कि भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व एमडी विनोद कुमार अरोरा को इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के द्वारा उनके विशिष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित फेलोशिप अवार्ड प्रदान किया गया है। भिलाई चेप्टर ने उनका सम्मान किया। इस अवसर पर भिलाई चेप्टर के चेयरमैन के.पटेल, वाइस चेयरमैन घनश्याम कुमार देवांगन, सेक्रेटरी अवनीश दुबे, वीईडब्लूओएम के चेयरमैन व एमडी शिशिर टमोटिया, विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम रायगढ़ के चेयरमैन एस वी नंदनवार एवं भिलाई के चेयरमैन अनिल चौहान विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व एमडी विनोद कुमार अरोरा ने कहा कि इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भिलाई चेप्टर की सक्रियता सराहनीय है। चेप्टर के द्वारा आगे भी अनेक महत्वपूर्ण कार्य करने की योजना है।

बैठक में उपस्थित एस वी नंदनवार एवं अनिल चौहान ने विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में उपस्थित प्रसिद्ध गांधीवादी विचारक एवं वीईडब्लूओएम के चेयरमैन एवं एमडी शिशिर टमोटिया ने गांधीवादी दृष्टिकोण एवं समय प्रबंधन पर अपने विचार व्यक्त किया। चेयरमैन के. पटेल ने आगामी दिनों में भिलाई चेप्टर के द्वारा ननि भिलाई एवं कृष्णा इंजीनियरिंग कालेज के सहयोग से सालिड वेस्ट मैनेजमेंट पर केंद्रित वेस्ट टू वंडर कार्यशाला के आयोजन संबंधी जानकारी दी। वाइस चेयरमैन घनश्याम देवांगन ने समाज में समय प्रबंधन लागू करने एवं उससे समाज में आए बदलाव की जानकारी दी। सेक्रेटरी अवनीश दुबे ने आय व्यय एवं एकाउंट संचालन संबंधी जानकारी प्रस्तुत किया। उन्होंने चेप्टर की डिजिटल मेंबरशिप योजना की जानकारी देते हुए बताया कि यंग इंजीनियर्स को चेप्टर से जोड़ने के लिए इसे निशुल्क रखा गया है। बैठक में सीनियर इंजीनियर सुखेती डोगरा, केके गुप्ता, संतोष अग्रवाल, देवेन्द्र सिंह ब्रार, दमयंती पटेल, सुमन देवांगन, ब्रार आदि सदस्य उपस्थित थे। संचालन एवं आभार सेक्रेटरी अवनीश दुबे ने किया।

सिटी लाइव

गोल्डन मेमोरीज़ ऑफ बॉलीवुड सीज़न 3 का आयोजन



भिलाई। कारवां म्यूजिकल स्टार्स द्वारा कलामंदिर सिविकसेंटर में गोल्डन मेमोरीज आफ बालीवुड सीजन 3 का कार्यक्रम हुआ। पार्श्व गायको के गीतों को छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली गायकों ने स्वर दिए। ट्विनसिटी के रियाज़ अहमद, जीवन वर्मा और कुलेश्वर चौरे ने द गौतम चौधरी, देवरूप विश्वास, स्नेहलता और तृप्ति साहू कृति बख्शी को अपना हुनर दिखाने का मौका मिला। पूर्व में अतिथि भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी, कैलाश बरमेचा, दीपेंद्र हलदार, एंथोनी फ्रांसिस, दीपांकर दास और बंटी जलाराम थे। हर्षिता वर्मा व साथियों ने डांस ग्रुप की प्रस्तुति दी। जीवन वर्मा और स्नेहलता बर्मन,कुलेश्वर चौरे और स्नेह लता, देव रूप विश्वास गौतम चौधरी, टाईटस टोनी और तृप्ति साहू, राजदीप सुरेश साहू, डॉ आरके श्रीवास्तव ने समां बांधा। म्यूजिक डायरेक्टर यश यदु थे। कार्यक्रम का संचालन सुप्रियो सेन ने किया।

सिटी इवेंट

साहू संघ व्यापारी प्रकोष्ठ का गठन, चंद्रकांत समन्वयक और फत्ते साहू बने प्रभारी



दुर्ग। दुर्ग जिला साहू संघ के जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू के मार्गदर्शन में दुर्ग जिला साहू संघ व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक धनंजय साहू ने संगठन के विस्तार एवं साहू समाज के व्यापारियों को एकजुट करने के उद्देश्य से द्वितीय नियुक्ति सूची की घोषणा की है। घोषित सूची में चंद्रकांत साहू को जिला समन्वयक तथा फत्ते साहू को संगठन प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही जिले की पाँच तहसीलों में प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जिला समन्वयक चंद्रकांत साहू, संगठन प्रभारी फत्ते साहू, दुर्ग शहर तहसील प्रभारी अमित साहू, दुर्ग ग्रामीण तहसील प्रभारी छत्रपाल साहू, पाटन तहसील प्रभारी महेश साहू, धमधा तहसील प्रभारी प्रकाश साहू, अहिवारा तहसील प्रभारी प्रवीण साहू शामिल हैं। संगठन को तहसील स्तर पर और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक तहसील में दो-दो सहप्रभारियों की नियुक्ति भी की गई है।

दुर्ग जिला साहू संघ व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक धनंजय साहू ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे और संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारी प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य साहू समाज के व्यापारियों को एक मंच पर जोड़ना, आपसी व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा देना, युवाओं को स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना तथा समाज की आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति के लिए सामूहिक प्रयास करना है।

● पावन मानकर उपेक्षित नारी को भी देते हैं सम्मान, दुर्गा पूजा के लिए कलाकार गढ़ रहे प्रतिमा

मां दुर्गा की प्रतिमा को आकार देने में शीर्ष राजभवन से लेकर वेश्यालय की मिट्टी का किया जाता है उपयोग

विमल शंकर झा/भिलाई। नवरात्रि के महापर्व पर शक्ति की भक्ति में पूरा शहर सराबोर है। दो दिन बाद बंगीय समाज के दुर्गा पूजा के भी शुरु होने पर आराध्यों की आस्था चरम पर होगी। मां दुर्गा भी अपने बच्चों गणेश,कार्तिक,सरस्वती और लक्ष्मी के साथ अपने माएके आने के लिए व्याकुल है और उतावले भक्त स्थापना पंडालों के साथ कलाकार भी उनकी प्रतिमा को आकार देने में जुटे हुए हैं। महाअसुर के अत्याचार से लोगों को मुक्ति दिलाने वाली जगत जननी के विराट हृदय में सामान्य भक्तों के लिए ही नहीं बल्कि समाज से तिरस्कृत स्त्रियों के लिए भी अपार प्रेम है। लोगों को यह जानकर सुखद आश्चर्य के साथ गर्वोक्ति हो सकती है कि देवी जगदंबा की मूर्ति के सृजन के लिए उपयोग में लाई जाने वाली 7 प्रकार की मिट्टी में समाज से बहिष्कृत माने जाने वाले वेश्यालय के द्वार की भी पावन माटी शामिल होती है। पंडितों, और कलाकारों के अनुसार इस पुरानी परंपरा के पीछे उपेक्षिता को भी सम्मान देकर समाज की मुख्य धारा में लाने का पावन भाव है,जो आधुनिक दौर में भी प्रासंगिक और प्रेरक है।

राजे रजवाड़ों व जमींदारों के महल से शुरु हुई परंपरा

उल्लेखनीय है कि पराधीन भारत में स्वतंत्रता संग्राम में समाजिक एकता के लिए शुरु किए गणेशोत्सव की तरह दुर्गोत्सव का पर्व शुरु कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया था। 16 वीं सदी में बंगाल में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना राजे रजवाड़ों व जमींदारों के महल से शुरु होकर कालांतर में सार्व जनिन दुर्गा पूजा के रुप में परिवर्तित होती गई। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दौरान प्रतिमा निर्माण के लिए सप्त मृत्तिका के उपयोग के एक रोचक और प्रेरणास्पद परंपरा शुरु हुई। यह वर्षों बाद आज भी देश के साथ ट्विनसिटी में भी प्रतीकात्मक रुप से प्रचलित है। इस परंपरा के तहत देवी दुर्गा की प्रतिमा बनाने के लिए 7 प्रकार की मिट्टी, जिसे सप्तमृत्तिका कहा जाता है,को शामिल किया जाता है। पावन सप्त या दश मिट्टिका में गंगा, नदी या तालाब घाट, वाराह दंत, मिट्टी यानी शेर के दांत व दीमक लगी मिट्टी, हाथी व घुड़सार, वाल्मीकि (दीमक लगी मिट्टी) बैल के सींग लगी व राजद्वार (प्रशासनिवक भवन) की मिट्टी के साथ निशिद्ध पाली क्षेत्रे यानी वैश्यालय के दहलीज की मिट्टी भी शामिल होती है। पुरोहित पं. निताई चक्रवर्ती बताते हैं कि मां दुर्गा की प्रतिमा तैयार करने में अलग अलग स्थानों की पावन मिट्टी का विशेष महत्व है। कलाकारों द्वारा वैश्यालय की भी मिट्टी का भी उपयोग करने का उद्देश्य यह है कि कोठे के द्वार की मिट्टी को भी गंगा की तरह पवित्र माना गया। क्योंकि यहां आने वाला व्यक्ति अपनी सारी बुराइयों यानी नैतिक मूल्यों को यहां दरवाजे पर छोड़कर अंदर प्रवेश करता है। इसलिए यहां की रज बहुत पवित्र मानी जाती है जिसे प्रतिमा निर्माण में शामिल कर वेश्या जैसी समाज से बहिष्कृत नारी को सम्मान दिया गया है। मूर्तिकार परितोष देव बताते हैं कि सनातन संस्कृति में जगतजननी का हृदय इतना विराट और ममतामयी है कि निशिद्धो पल्ली की मिट्टी की मिट्टी को शामिल कर सबसे त्यज्य माने जाने वाली स्त्री को भी बराबरी की जगह दी गई है। सेक्टर 6 मार्केट गुप्ता पूजा सामग्री दुकान के संचालक श्री गुप्ता बताते हैं कि हर साल दुर्गा पूजा में दुर्गा प्रतिमा बनाने के लिए कलाकार दुकान से पावन सप्तमिट्टिका खरीदकर ले जाते हैं। पैकेट में 7 प्रकार की मिट्टी शामिल होती है।



महिषासुर व रावण वध से जुड़ा है प्रसंग

धार्मिक मान्यता के अनुसार देवी दुर्गा के जन्म व दुर्गापूजा की परंपरा सदियों पुरानी है। जगदंबा का जन्म महाअसुर महिषासुर वध के लिए हुआ था। वही भगवान राम ने भी रावण के संहार के लिए जगत जननी की पूजा की थी। पं. कानू बंधोपाध्याय बताते हैं कि महिषासुर के अत्याचार से आंतकित देवों ने भगवान विष्णु की आराधना की जिसके फलस्वरुप मां दुर्गा ने जन्म हुआ व 9 दिनों के संग्राम बाद उसका वध हुआ था। सेक्टर 9 सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति व समाज की वरिष्ठ सदस्य सुमिता दत्ता बताती हैं कि भगवान राम ने युद्ध के पूर्व मां दुर्गा की पूजा 108 नीलकमल अर्पित कर रावण बध का वरदान मांगा था। पूजा सामाजिक समरसता व सांस्कृतिक एकता का संदेश देता है। बंगाल से 16 वीं सदी से शुरु हुआ यह देशव्यापी महापर्व आज भिलाई में आधुनिक दौर में भी शक्ति की भक्ति के साथ नारी के सम्मान की प्रेरणा दे रहा है। यह पर्व केवल पूजा पाठ तक सीमित नहीं है बल्कि नई पीढ़ी को संस्कारित करे, इसके लिए जागरुक करने की जरुरत है। साठ के दशक में भिलाई में सार्वजनिक दुर्गा पूजा शुरु होने के साथ ही सेक्टर 7 में भी यह परंपरा इतनी पुरानी है।

खुर्सीपार में नुआखाई मिलन व सम्मान समारोह

समाज को भाईचारे, समरसता के डोर से बांधना प्रारंभ कर दें तो समाज का उत्थान है निश्चित



भिलाई। मां बस्त्रेण देवी सेवा समिति द्वारा दीनदयाल नगर खुर्सीपार नुआखाई मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्रम कल्याण विभाग के उपाध्यक्ष व राज्यमंत्री किशोर महानंद थे। अध्यक्षता राजेन्द्र नाग ने की। विशेष अतिथि देवनारायण तांडी पूर्व सभापति दुर्ग थे।

मुख्य अतिथि किशोर महानंद ने कहा कि समाज में जब युवा अपनी जवाबदेही समझकर समाज को भाईचारे, सद्भाव, समरसता और सम्मान के डोर से बांधना प्रारंभ कर दे तो उस समाज का उत्थान निश्चित है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और जागरूकता से समाज को एक नई दिशा और दशा दी जा सकती है जिसके लिए समाज को एकजुट होकर समाज सेवा करना चाहिए।

कार्यक्रम में वृद्धजन रघुनाथ बाग, अर्जुन नायक का सम्मान किया गया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव , मरोदा, भिलाई , चरोदा सहित कई क्षेत्रों से समाजिक लोगों का आगमन हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से शंकर निहाल, संजय सोनवानी, महेश सोना, कृष्णा सागर, प्रदीप दीप, विजय धर, हेमलाल नायक हीरावती,सीता महानंद, प्रेम शीला आदि उपस्थित थे। वहीं चेतना दीप, दिलिप तांडी, टेकचंद सेठिया, दयानिधि विभार,रतन तांडी, किशोर मोगराज, संतोष मलिक, आशीष नंदा, दिपक चितरु, उमेश दीप, रवि, विजय छाती सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोगों ने अपनी सहभागिता दी।

घनश्याम सिंह आर्य कॉलेज में कार्यक्रम

छात्राओं ने एचआईवी के प्रति लोगों को किया जागरूक



दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष आभा रानी गुप्ता कार्यकारी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता शहर सचिन मोतीलाल भंडारी विधिक सलाहकार नागेंद्र शर्मा प्रबंधक भावना सिंह, महाविद्यालय की प्राचार्य नीतू सिंह एवं उपप्राचार्य चांदनी अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। रेड क्रॉस राष्ट्रीय एडस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एस टी आई काउंसलर अभय ताम्रकार एवं उनके सहयोगी टीम टी जीवन एवं रश्मि सोनी के द्वारा छात्राओं को एचआईवी एड्स के कारण, लक्षण, रोकथाम एवं भ्रांतियां को दूर करने हेतु विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उनके द्वारा टोल फ्री नंबर 1097 उपलब्ध कराया गया जिस पर फोन करके एचआईवी एड्स से जुड़ी संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की समस्त प्राध्यापिकाएं, कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित रही इस प्रकार का कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में जन जागरूकता फैलाना और उन्हें सही जानकारी देने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु प्रेरित करना है। मंच संचालन रेड क्रॉस प्रभारी विनोद सोनवानी द्वारा किया गया प्राचार्य के आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

अग्रसेन जयंती समारोह का हुआ समापन, उप मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री हुए शामिल

कार्नर न्यूज

महाराजा अग्रसेन ने समाज को एकता सहयोग और सेवा का दिया संदेश

दुर्ग। सात दिनों तक चले अग्रसेन जयंती समारोह का धमधा नाका टोल के पास स्थित महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट भवन में समापन हुआ। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, शिक्षा मंत्री गजेंद्र [illegible] प्रमुख रूप से शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री ने इस [illegible] पर कहा कि समाज सेवा अग्र बंधुओं के संस्कार [illegible] महाराजा अग्रसेन ने समाज को एकता, सहयोग [illegible] सेवा का संदेश दिया। उनका जीवन परोपकार, [illegible] द्भाव और समानता की मिसाल है। उनका संदेश सम्पूर्ण मानवता हेतु प्रेरणादायी है। उन्होंने हमेशा सत्य, अहिंसा और समानता को जीवन का मूल मंत्र माना। आज भी अग्रसेन समाज के सिद्धांत सामुहिक सहयोग, न्याय और सामाजिक उत्थान की राह दिखाते है। उप मुख्यमंत्री ने अग्रसेन महाराज की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए सम्पूर्ण समाज को उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने स्मरण कराया कि सामाजिक एकता को मजबूती प्रदान करने महाराजा अग्रसेन ने समाज में एक ईंट और एक रुपए की अनूठी परम्परा शुरू की। जिससे समाज में बंधुत्व और समाज की भावना को बढ़ावा मिला। आज भी यह समाज निरंतर अग्रसर है। सांसद श्री विजय बघेल ने कहा कि ईमानदारी से सेवा समाज का धर्म है। यह धारा अविरल चलती रहे, जिससे प्रेरित होकर अन्य समाज भी सेवा की भावना को आत्मसात कर सके। उन्होंने सभी उपस्थित जनों को अग्रसेन जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अतिथियों ने अग्रवाल समाज अंतर्गत उल्लेखनीय कार्य करने वालों और समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को समाज की ओर से सम्मानित किया। समारोह में नगर निगम दुर्ग की महापौर अल्का बाघमार, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, एमआईसी मेंबर देवनारायण चन्द्राकर सहित अन्य मौजूद थे।





देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला समाज

समाज के अध्यक्ष ललित सेक्सरिया और महासचिव प्रहलाद रुंगटा ने कहा कि अग्रवाल समाज देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला समाज है। एकता एवं सेवा कार्यों में अग्रणी है। समाज ने अपनी कड़ी मेहनत से अपना एक अलग स्थान बनाया है। ट्रस्ट के चैयरमैन विजय अग्रवाल, अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल एवं संजय रुंगटा, कैलाश रुंगटा एवं गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि प्रथम बार अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा वेलफेयर ट्रस्ट भवन में अग्रसेन जयंती मनाई जाने पर पूरे समाज में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर फैंसी ड्रेस, डांस, शार्क टैंक और खेल कूद सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। समारोह की सफलता के लिए समाज के सभी वरिष्टों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से ही कार्यक्रम सफल होते हैं। इस अवसर पर प्रभारी मनोज अग्रवाल, प्रीति राजगढ़िया, दीपक बंसल, संजय गर्ग, विमल राजगढ़िया, पंकज किरतुका, अतुल जिंदल सहित अन्य मौजूद थे।

दुर्गोत्सव की धूम



जामगांव आर। गातापार में स्थापित मां दुर्गा।



जामगांव आर। बेलहारी मे विराजे माँ दुर्गा।



सेलूद। सार्वजिनक दुर्गा उत्सव समिति धौराभाठा।



सेलूद। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति ग्राम परसाही।

किसानों ने जिला पंचायत सीईओ को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

सड़कों पर भटक रहे आवारा मवेशी और बर्बाद हो रही फसलें, बढ़ा रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭|उतई

दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में आवारा एवं घुमंतू पशुओं की विकराल होती समस्या के स्थायी समाधान की गुहार लेकर सोमवार को प्रभावित किसानों एवं नागरिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने सड़कों पर बैठे मवेशियों के कारण लगातार हो रही जानलेवा सड़क दुर्घटनाओं तथा खेतों में घुसकर फसलों को पहुंचाए जा रहे भारी आर्थिक नुकसान पर गहरी चिंता जताई।

लगातार हो रहे हादसों से असुरक्षा को लेकर दहशत



प्रतिनिधिमंडल में ये गणमान्य रहे शामिल

ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के जिलाध्यक्ष उत्तम चंद्राकर, किसान बंधु संगठन धमधा के संयोजक टेक सिंह चंदेल, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के सदस्य कलादास डहरिया, सेवा सहकारी समिति रिसामा के पूर्व अध्यक्ष प्रशांत पांडे, भारतीय किसान यूनियन के पूर्व जिलाध्यक्ष बालाराम साहू, वरिष्ठ समाजसेवी नंद कुमार गजपाल, संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधि संजय तामकार और किसान नेता ढालेश साहू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रशासन की ओर से सुरभि गौधाम व विशेष अभियान का आश्वासन

प्रतिनिधिमंडल की बातों को बेहद गंभीरता से सुनते हुए जिला पंचायत सीईओ ने त्वरित राहत का भरोसा दिलाया। उन्होंने 'सुरभि गौधाम' में आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने, आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष धरपकड़ अभियान चलाने तथा क्षेत्र के बंद पड़े गौठानों एवं कांजी हाउसों को पुनः चालू कराने का स्पष्ट आश्वासन दिया। इस सकारात्मक रुख से ग्रामीणों में राहत की उम्मीद जगी है।

किसान नेताओं ने दी चेतावनी: आश्वासन नहीं, धरातल पर चाहिए कार्रवाई

जनपद सदस्य व किसान नेता ढालेश साहू ने कहा कि आवारा पशुओं की समस्या अब आम जनजीवन और किसानों की रोजी-रोटी पर संकट बन चुकी है। किसान रात-दिन मेहनत कर फसल उगाते हैं, जिसे मवेशी पल भर में चौपट कर देते हैं। सड़कों पर राहगीरों की जान जोखिम में रहती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने समयबद्ध सीमा के भीतर सुरभि गौधाम की व्यवस्था सुधारने और कांजी हाउस शुरू करने जैसे कदम नहीं उठाए, तो किसानों को एकजुट कर लोकतांत्रिक ढंग से उग्र आंदोलन किया जाएगा। किसान बंधु संगठन धमधा के संयोजक टेक सिंह चंदेल ने भी स्पष्ट किया कि प्रशासन को अब टालमटोल की नीति छोड़कर तत्काल धरातल पर ठोस कार्रवाई करनी होगी, अन्यथा किसान सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होंगे।

दुर्गा मंदिर वार्ड 4, जामुल में नवरात्रि पर दीप प्रज्वलन



जामुल। दुर्गा मंदिर वार्ड क्रमांक 4 में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय क्वांर नवरात्रि महापर्व बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

प्रथम दिवस पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर ने अपनी पत्नी जामीन बंछोर पूर्व पार्षद के साथ माँ दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की एवं नगर की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर मंदिर व्यवस्थापक एवं पूर्व पार्षद मेघनाथ साहू पूर्व उपाध्यक्ष कामीन साहू, पूर्व एल्डरमैन नूतन वर्मा, पंडित संजय शर्मा, पंडित कमल पांडे, गिरधारी साहू जगदीश देवांगन, ऋषिराम साहू, पंडा गंगाधर देशमुख, जीवन साहू, मधु पांडे, गायत्री गुप्ता, मधुरानी साहू, शकुंतला वर्मा, शिवबती साहू, टॉप लाल वर्मा, मनीष साहू, गोपाल साहू, यशवंत साहू, पवन ठाकुर, रामकिशन पटेल, जवाहरलाल साहू, जीवन पटेल, आर्य पांडे, वासु जंघेल, संतोष यादव, गीता साहू, ललिता साहू सहित नगर के अनेकों श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

'रंग बसंत' की प्रस्तुति ने ग्रामीणों का मन मोहा



हरिभूमि न्यूज ⏭|जामगांव आर

समीपस्थ ग्राम पंचायत गातापार के आश्रित गांव उमरपोटी में बीती रात दुर्गा उत्सव समिति द्वारा रात्रिकालीन रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता 'रंग बसंत' का रंगारंग आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत दुर्ग की सभापति कल्पना नारद साहू अपने मायके उमरपोटी पहुँचीं। उनके साथ पति व सभापति प्रतिनिधि नारद साहू, सांसद प्रतिनिधि पम्मी साहू, गयाराम साहू, बूथ अध्यक्ष रविन्द्र साहू एवं चोवाराम नेताम भी मंचासीन रहे। अपने मायके में आयोजित नवरात्रि उत्सव में शामिल होकर सभापति ने इसे अपना महान सौभाग्य बताया। उन्होंने गर्व से साझा किया कि अपने मायके उमरपोटी के कायाकल्प के लिए उन्होंने अब तक 23 लाख रुपये से अधिक के निर्माण कार्यों की स्वीकृति दिलाई है।

पाटन के सीमावर्ती गांवों में चोरी का खौफ

हरिभूमि न्यूज ⏭|पाटन

पाटन थाना क्षेत्र के सीमावर्ती ग्रामीण इलाकों में पिछले कुछ समय से बाहरी अनजान व्यक्तियों की संदिग्ध आवाजाही तेजी से बढ़ी है, जिससे संपूर्ण क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। गांवों में खेतों से महंगे केबल तार चोरी होने और मकानों के बाहर से मोटर वाहन पार होने की घटनाओं ने

- फेरीवालों की आड़ में संदिग्ध गतिविधियों से ग्रामीण सशंकित

ग्रामीणों की नींद उड़ा रखी है। इस बीच, फेरी लगाने के बहाने गांव-गांव और घर-घर पहुंच रहे अनजान लोगों की पृष्ठभूमि और पहचान सत्यापन न होना एक बड़ी सुरक्षा चूक साबित हो रही है।

गांवों में प्रतिदिन गैस चूल्हा रिपेयरिंग करने, पुराने-टूटे मोबाइल फोन खरीदने और हस्तरेखा देखकर भविष्य बताने जैसे अलग-अलग बहानों से अनजान लोग घूम रहे हैं। हालांकि, हर फेरीवाला अपराधी नहीं होता, लेकिन बिना किसी पहचान पत्र के गांव की गलियों और घरों तक उनकी सीधी पहुंच चिंता का विषय है। संदिग्ध गतिविधियों की अनदेखी भविष्य में किसी बड़ी आपराधिक वारदात का कारण बन सकती है।



अकेली महिलाओं की सुरक्षा पर मंडराता खतरा

ग्रामीण क्षेत्रों में दिन के समय पुरुष वर्ग अक्सर खेतों या मजदूरी पर बाहर रहता है और महिलाएं घरों में अकेली होती हैं। ऐसे समय में काम के बहाने घर के दरवाजे तक पहुंचने वाले अनजान लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है। ग्रामीणों को सलाह दी जा रही है कि वे किसी भी अज्ञात व्यक्ति से घर के कीमती सामान, जेवर, या परिवार के सदस्यों की दिनचर्या से जुड़ी निजी जानकारी कतई साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति जबरन घर में घुसने का प्रयास करे या अजीब सवाल पूछे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

किसानों की मेहनत पर फिरा पानी: खेतों से केबल तार गायब

किसानों के खेतों में लगे सिंचाई पंपों और स्टार्टर से जुड़े कॉपर केबल तारों की चोरी एक संगठित गिरोह का काम लग रही है। तार चोरी होने से किसानों को न केवल हजारों रुपये का सीधा आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि फसलों की सिंचाई ठप होने से फसल सूखने का भी खतरा बन जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस को संवेदनशील ग्रामीण रास्तों पर गश्त बढ़ानी चाहिए। क्षेत्र में केबल चोरी के दर्ज मामलों की आधिकारिक संख्या और वर्तमान स्थिति की जांच अपेक्षित है।

वाहन चोरों की बल्ले-बल्ले, यातायात निगरानी पर उठे सवाल

ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहिया वाहन अक्सर मकानों के बाहर या दुकानों के आसपास खड़े रहते हैं, जिन्हें चोर आसानी से निशाना बना रहे हैं। इसके साथ ही क्षेत्र में यातायात पुलिस की सुस्त निगरानी पर भी सवाल उठ रहे हैं। सीमावर्ती सड़कों पर नियमित वाहन चेकिंग, बिना वैध दस्तावेजों और नंबर प्लेट के घूम रहे संदिग्ध वाहनों पर कार्रवाई जैसे कदम उठाए जाने बेहद जरूरी हैं। पुलिस प्रशासन को यातायात निगरानी, स्थानीय थाना गश्त और ग्रामीणों के बीच बेहतर समन्वय बिठाकर इन चोरियों पर अंकुश लगाना होगा।

प्रशासन और पुलिस के सामने खड़े कुछ सीधे सवाल

इस संपूर्ण स्थिति के बीच यह जानना आवश्यक हो जाता है कि क्या पाटन थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांवों में पुलिस की नियमित नाइट पेट्रोलिंग हो रही है और खेतों से केबल तार चोरी की दर्ज शिकायतों पर अब तक क्या ठोस कार्रवाई हुई है। साथ ही, गांवों में घूम रहे फेरीवालों का डेटाबेस बनाने, उनके चरित्र सत्यापन की व्यवस्था करने और वाहन चोरी रोकने के लिए सीमावर्ती चेकपोस्टों पर नियमित जांच करने जैसे अहम सवालों पर पुलिस प्रशासन को ध्यान देना होगा।

खबर संक्षेप



राष्ट्रीय भारोत्तोलन में चमकी तेलीगुंडरा की बेटी नेहा

पाटन। बेमेतरा में विगत माह आयोजित राज्यस्तरीय वेट लिफ्टिंग (भारोत्तोलन) प्रतियोगिता में ग्राम तेलीगुंडरा की होनहार बेटी नेहा साहू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) अपने नाम किया है। सेजस कन्या विद्यालय पाटन की कक्षा 12वीं (कला संकाय) की छात्रा नेहा साहू (पिता चन्द्रसेन साहू - उपसरपंच, माता फिरोसनी साहू) का यह प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस स्वर्णिम सफलता के बल पर उनका चयन दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की भारोत्तोलन प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जहाँ वे पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर जिला पंचायत दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने नेहा साहू को बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। नेहा की इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए प्राथमिक विद्यालय तेलीगुंडरा में एक विशेष सम्मान समारोह एवं 'न्योता भोज' का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी अवसर पर सरपंच हुलेश्वरी बीरेंद्र साहू, पूर्व तहसील साहू संघ अध्यक्ष दिनेश साहू, उपसरपंच चित्रसेन साहू, राजाराम साहू, अध्यक्ष चित्रसेन साहू, श्याम लाल साहू, बुधराम ठाकुर, नरेंद्र पटेल, गजेंद्र साहू, रेखराज साहू, सौरभ यादव, चंद्रशेखर साहू और भगवान देवांगन उपस्थित रहे। इसके अलावा शिक्षक मन्नूलाल वर्मा, अशोक ओझा, महेंद्र साहू, उर्वशी देशमुख, ममता सोनी, पंच कमला टांडे, मंजू यादव, कुमारी पटेल, प्रेमलता मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।

रवीन्द्र संगीत गायिका शिप्रा का पुण्यतिथि पर स्मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭|भिलाई



छत्तीसगढ़ की प्रख्यात रवींद्र संगीत गायिका रवीन्द्र संस्कृति प्रचारक स्व. शिप्रा भौमिक के द्वितीय पुण्यतिथि पर गीतवितान कला केन्द्र भिलाई द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन विगत दिनों गीतवितान भवन रूआबाधा सेक्टर में किया गया।

इस अवसर पर संस्था के मुख्य संरक्षक नरेन्द्र कुमार बंछोर, संरक्षक परविन्दर सिंह, मुख्य सलाहकार डॉ. रमेश कुमार सोनवणे, शैलेश चाहंडे,संस्था अध्यक्ष रजनी सिन्हा, सोमेन कुण्डू, प्रदीप कुमार मित्रा द्वारा स्व. शिप्रा भौमिक के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात गायन विभाग छात्रा-साथी सेन, जॉली चक्रवर्ती एवं संस्था के सदस्य सुभाषिस डे के द्वारा शिप्रा को स्मरण करते हुए अपने विचार रखे।

वर्ष 1986 से 2024 के दीर्घकालीन शिप्रा द्वारा किये गए सस्कृति के क्षेत्र में विभिन्न कार्य एवं गुरूदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर के संस्कृति को छत्तीसगढ़ के माटी पर प्रचार-प्रसार, शांति निकेतन की परम्परा का अनुसरण, रवीन्द्र संगीत को जनमानस तक पहुंचाने के लिए उनके योगदान को विस्तारित रूप से नृत्यमणी मिथुन दास ने प्रकाश डाला।

इस अवसर पर गीतवितान कला केन्द्र का शुभारम्भ संस्था के सदस्यों अयोध्या वेबसाइट के निर्देशक आकाश गुप्ता के कर कमलों द्वारा किया गया। संस्था के गायन छात्र-छात्राओं द्वारा श्रद्धांजलि के रूप में रवीन्द्र संगीत-आगुनेर परोशमणी छुआओ प्राणे, आजी जतो तारा तबो आकाशे की सुमधुर प्रस्तुति के द्वारा उन्हें भावांजलि प्रदान किया गया। लोक संगीत के छात्र द्वारा भजन- माटी हो ही तोर चोला रे की प्रस्तुति दी गयी। एकल संगीत प्रस्तुति- गौतम शील, दीपा प्रामाणिक के द्वारा दिया गया। संचालन सदस्य सूरभी राय के द्वारा किया गया एवं हारमोनियम संगत चन्द्रा बैनर्जी द्वारा किया गया।

जंजगिरी में कल सजेगा कवियों का मंच

अंडा। नवयुवक सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति, बाजार पारा जंजगिरी द्वारा इस वर्ष शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। 15 अक्टूबर गुरुवार को रात्रि 9 बजे से आयोजित इस वर्ष के कार्यक्रम का मुख्य विषय 'कविता मन की आवाज है, शब्दों से सजता है समाज' निर्धारित किया गया है, सम्मेलन में डॉ. संजय दानी (दुर्ग), कैलाश साहू 'कुंवारा' (बम्हनी), गजपति राम साहू (कोड़ेवा सिकोसा), योगेश 'छत्तीसगढ़िया' (अर्जुनी), शिवा देशमुख (भेड़ी), प्यारे लाल देशमुख (निकुम), दिनेश्वर चंद्राकर (विनायकपुर) एवं चंद्रिका प्रसाद देशमुख (जंजगिरी) शामिल हैं।

सूरजपुर दोहरे हत्याकांड से उबला धोबी समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭|अंडा

सूरजपुर जिले के थाना विश्रामपुर अंतर्गत नगर पंचायत सतपता में शासकीय शिक्षिका रजनी बरेठ एवं उनके सुपुत्र सुजाल बरेठ की हत्या की घटना से पूरे प्रदेश में आक्रोश की लहर है। इस जघन्य अपराध पर छत्तीसगढ़ धोबी समाज ने बेहद कड़ा ऐतराज जताते हुए घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है।

- गृहमंत्री, मंत्रियों व एसपी से सख्त कार्रवाई की मांग, 3 दिन का अल्टीमेटम

धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने मामले में तत्परता दिखाते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं महिला व बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भुलन सिंह मरावी तथा जिला पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल से सीधे संपर्क साधकर हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की है। समाज के प्रदेश महासचिव अशोक छाटा ने बताया कि सभी जन प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने पूर्ण जिम्मेदारी के साथ आरोपियों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजने का ठोस आश्वासन दिया है। दोनों विधायकों ने पुलिस अधिकारियों को लगातार फॉलोअप लेने के निर्देश दिए हैं। समाज की ओर से वस्तुस्थिति का पता लगाने हेतु संभागीय अध्यक्ष राकेश रजक एवं सूरजपुर जिलाध्यक्ष धर्मपाल रजक के नेतृत्व में एक संयुक्त जांच समिति गठित कर दी गई है, जो घटनास्थल का मुआयना कर जांच अधिकारियों का सहयोग करेगी।

इस पूरे मामले में प्रशासनिक व सामाजिक स्तर पर मुस्तैदी दिखाने वाले प्रमुख पदाधिकारियों में सामाजिक चिंतक संतराम कन्नौजे, चैतराम निर्मलकर (जिलाध्यक्ष राजनांदगांव), भोजराम कारसेल (प्रदेश महामंत्री), अश्विनी निर्मलकर, बेदी राम निर्मलकर, अंबे बाघमार (युवा प्रदेश अध्यक्ष), चिंटू निर्मलकर, नकुल निर्मलकर, बजरंगी छाटा, राजेश रजक, रामायण रजक, डॉ. मनहरन लाल निर्मलकर एवं सुनील रजक शामिल हैं। समाज ने पुलिस-प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 3 दिनों के भीतर दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो संपूर्ण प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

बिजनेस साइट

ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट उपलब्ध



दुर्ग। दुर्ग के इंदिरा मार्केट स्थित शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स की अनगिनत डिजाइन लोगों को खूब आकर्षित कर रही हैं। संचालक श्री सोनी ने बताया कि उनहोंने अपने यहां मासिक ई योजना चालू की है। इसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि उनके यहां घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध है। ग्राहक अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट घर से भी दे सकता है। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। पुराने गहने को बिना वजन घटे नया बनाने का काम भी ओम ज्वेलर्स करता है। ज्वेलरी रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है। आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट)एवं 750(18कैरेट) के हॉलमार्क गहने उपलब्ध हैं। उन्हें यहां पूरे शहर से कम दाम पर ज्वेलरी उपलब्ध है। 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जितना सोना उतनी चांदी फ्री दी जाती है।



दुर्ग-बेमेतरा जिले के 3 शिक्षाश्री, 6 ज्ञानदीप, 21 शिक्षादूत सहित 50 हेडमास्टर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खालसा पब्लिक स्कूल दुर्ग में मंगलवार को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्यनारायण राठौर संभागीय आयुक्त संभाग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में 3 शिक्षा श्री, 6 ज्ञान दीप (3 बेमेतरा तथा 3 दुर्ग जिले से) तथा 21 शिक्षा दूत पुरस्कार व्याख्याता, शिक्षक पू.मा. एवं शिक्षक प्राथमिक को दिए गए। साथ ही संभाग के 7 प्राचार्यों को उत्कृष्ट प्राचार्य का 25 प्रधान पाठक (पूर्व माध्यमिक) एवं 25 प्रधान पाठक (प्राथमिक विद्यालय) को भी सम्मानित किया गया। पूर्व माध्यमिक शाला में धारा प्रवाह हिन्दी एवं 20 का पहाड़ा प्राथमिक विभाग में तथा धारा प्रवाह अंग्रेजी एवं 25 का पहाड़ा के शत प्रतिशत लक्ष्य को हासिल करने वाले दुर्ग जिले के 53 विद्यालयों का उनके प्रधान पाठक एवं शिक्षकों उत्कृष्ट प्रयास हेतु सम्मानित किया गया।

शिक्षक समर्पण और मेहनत से गढ़ते हैं विद्यार्थियों का भविष्य : शिक्षा मंत्री यादव



नवाचार, मेहनत और समर्पित सेवाएं दूसरों के लिए प्रेरणादायी : गजेंद्र



सम्मानित शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन में ज्ञान और संस्कार का संचार कर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। उनका समर्पण, मेहनत और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा मंत्री श्री यादव ने कहा कि बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ उन्हें संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिक बनाना भी शिक्षकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उत्कृष्ट शिक्षकों द्वारा किए जा रहे नवाचार, मेहनत और समर्पित सेवाएं अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के समर्पण और राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों से छत्तीसगढ़ में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

उत्कृष्ट कार्य से विद्यार्थियों का भविष्य निर्माण

शिक्षा मंत्री गजेंद्र ने कहा कि शिक्षक सम्मान समारोह जैसे आयोजन शिक्षा जगत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के साथ ही अन्य शिक्षकों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों का योगदान अतुलनीय है और उनके प्रयासों से ही एक शिक्षित, संस्कारवान एवं सशक्त समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर दुर्ग शिक्षा संभाग के जेडी के.वी. राव, जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, बेमेतरा डीईओ अभय जायसवाल सहित शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



63 हजार का अवैध शराब बरामद

भिलाई। अवैध रूप से शराब वाहन पर ले जाते हुए पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। धमधा टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम सिल्ली में घेराबंदी कर अवैध शराब परिवहन कर रहे युवक को पकड़ा गया। युवक का नाम ग्राम सिल्ली धमधा निवासी हीरालाल को पकड़ा गया। उसके पास से शोले मसाला और सुपर 36 मसाला ब्रांड की कुल 30 पौवा देशी मदिरा जब्त किया है। शराब को वाहन सीजी 07 डीजी 2124 को जब्त किया है। उक्त सामानों की कीमत 63 हजार रुपए आंकी गई है।

फिल्म निर्माण की बारीकियां जानने तथागत गए जर्मनी

भिलाई। लोक नगर उमरपोटी निवासी तथागत यादव फिल्म एकेडमी जर्मनी के आमंत्रण पर बॉडेन लुडविग्सबर्ग जर्मनी के लिये रवाना हुए। वे भारतीय सिनेमा एवं टेलीविजन संस्थान पुणे भारत सरकार की ओर से फिल्म निर्माण की बारीकियां जानने जर्मनी गये। वे वहां पर 12 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक रहकर जर्मन फिल्मों की निर्माण प्रक्रिया के साथ साझेदारी कर सम्बंधित विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य करेंगे।उक्त संदर्भ में भारतीय सिनेमा एवं टेलीविजन संस्थान पुणे में अध्ययनरत तथागत यादव का चयन हुआ है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व वे 'अननेम्ड' एवं 'मंजू की षर्ट' सहित अन्य लघु फिल्म बना चुके हैं। वे संस्कृति-संस्था 'लोक मंजरी' के संयोजक पुन्नू यादव तथा लोक नृत्यांगना रामेष्वरी के पुत्र हैं।उनकी इस उपलब्धि पर अंचल के साहित्यकार-कलाकारों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



निधन

काशी कांत महाजन

रिसाली। नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड क्रमांक 28 वीआईपी नगर रिसाली प्लॉट नम्बर 35/2 निवासी काशी कांत महाजन उम्र 63 पिता स्व. दामोदर महाजन का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 अक्टूबर को रिसाली मुक्तिधाम में किया गया। वे कविता महाजन के पति, तुषार, मोनाली महाजन के पिता और राजेश व नुतेंद्र महाजन के भाई थे।



पूर्व सीएम की घोषणा पर नगर निगम ने अब तक नहीं किया अमल

पांच साल बाद भी टाउनशिप के सेक्टर 5 मॉडल की तरह अन्य सेक्टरों की नहीं बदली तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सुविधाओं से परिपूर्ण सेक्टर 5 को मॉडल मानकर टाउनशिप के सभी सेक्टरो को इसी तरह विकसित किए जाने की पूर्व मुख्यमंत्री की घोषणा पांच साल बाद भी हवाहवाई साबित हो रही है। नगर निगम का कार्यकाल समाप्ति पर है लेकिन निगम अब तक उदासीन बना हुआ है। इस कारण दर्जनभर सेक्टरों के निवासियों को बुनियादी सुविधाओं की बदहाली का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने निगम चुनाव के के पूर्व अन्य सभी सेक्टरों में बदहाल जन सुविधाओं को दुरुस्त किए जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि 5 साल पूर्व नगर निगम भिलाई के चुनाव बाद नवनिर्वाचित महापौर नीरज पाल के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने टाउनशिप के पुनर्विकास को लेकर बड़ी घोषणा की थी। नगर निगम परिसर में हुए समारोह में उन्होंने बतौर टाउनशिपवासियों को सौगात घोषणा की थी कि नव पदस्थ महापौर नीरज पाल के चकाचक सेक्टर 5 की तरह अन्य सभी सेक्टरों में विकास किया जाएगा। यानी सभी सुविधाओं को बेहतर किया जाएगा।

इस पर महापौर ने जल्द एमआईसी से योजना बनाकर इस पर अमल किए जाने की बात कही थी। विदित हो कि मेयर चुने जाने के पूर्व सेक्टर 5 से 4 बार के पार्षद रहे नीरज पाल ने अपने विजन और प्रयास से अपने सेक्टर को नागरिक सुविधाओं से दुरुस्त कर रखा है। अपने 5 साल के कार्यकाल में तो यह सेक्टर और भी चकाचक हो चुका है लेकिन अन्य सेक्टर के लोग बुनियादी सुविधाओं की बदहाली से जूझ रहे हैं। साठ के दशक में बसी टाउनशिप के अन्य सभी सेक्टरों में नागरिक सहूलियतों को बीएसपी और नगर निगम द्वारा अपडेट अब तक नहीं किए जाने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकतर आवास जर्जर और पेयजल व सीवेज पाइप लाइन भी पुरानी होने से सीवेज व गंदे पानी की समस्या बढ़ रही है। अधिकतर मेंटेनेंस व हेल्थ सेंटर बंद किए जा चुके हैं। कर्मियों के इस्पात क्लब भी मेंटेनेंस मांग रहे हैं। अब तक 82 बीएसपी स्कूल भी बंद किए जा चुके हैं।

महापौर के चकाचक गृह वार्ड की तरह होना था विकास



अन्य सेक्टरों में सुविधाएं बदहाल

सेल प्रबंधन द्वारा सिर्फ स्टील उत्पादन तक खुद को फोकस कर लिए जाने से एक डेढ़ दशक पूर्व तक नीट एंड क्लीन माने जाने वाली स्टील सिटी के दर्जनभर सेक्टर के लाखों लोग अब बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। खासकर सबसे बड़ी कालोनी सेक्टर 8 व सेक्टर उजाड़ के कगार पर हैं। रहवासियों ने बताया कि सेक्टर 6 में 5 साल पूर्व तीन सौ अनफिट आवासी ब्लाकों को डिस्मेंटर कर दिए जाने से यह सेक्टर खंडहर मे तब्दील हो चुका है। यहां कब्जेधारियों से अराजक माहौल है। यही हालत सेक्टर 8 व रिसाली तथा रुआबांधा सेक्टर की है। सभी सेक्टरों के मार्केट बदहाल हैं। आफिसर कालोनी सेक्टर की सड़कें जर्जर व सीवेज की समस्या है।

25 साल से नगर निगम भी कर रहा विकास

गौरतलब हो कि वर्ष 2000 में बीएसपी टाउनशिप को भी नगर निगम भिलाई क्षेत्र के दायरे में लाने के बाद से इस इलाके मे भी नगर निगम विकास कर रहा है। पिछले 25 साल के दौरान सेक्टर 5 सहित सभी सेक्टरों में निगम ने अरबों के बजट से उद्यान,नाली, स्टेडियम, शेड, बोरिंग, वाटर एटीएम, स्ट्रीट लाइटें ,जिम, सांस्कृतिक मंच व बालोद्यान आदि बुनियादी सुविधाएं व करोड़ों के विकास कार्य करवाएं हैं। जनहित को देखते हुए कार्य एनओसी व गैर एनओसी के भी हुए हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सेक्टर 5 की तरह अन्य बदहाल सभी सेक्टरों में भी नगर निगम को दिसंबर मे होने वाले चुनाव के पूर्व सुविधाओं से युक्त किए जाने की जरुरत है।

सरकार बदलने के बाद नही मिला फंड

नगर निगम द्वारा सेक्टर 5 को चकाचक बनाने के लिए मैंने पार्षद के रुप में 26 साल मेहनत की। अन्य सेक्टरों में भी इसी तरह सुविधाएं दुरुस्त करने 17 महीने कोशिश की गई। लेकिन फिर प्रदेश में सरकार बदलने के बाद नई सरकार द्वारा विकास कार्यों को मंजूरी नहीं दी गई। इस कारण घोषणा पर पूरी तरह अमल नहीं हो सका।

-नीरज पाल, महापौर भिलाई

लोहा खरीदकर में छिपाने वाला कबाड़ी का मैनेजर पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कबाड़ी पाण्डेय के गोदाम में दबिश देकर पुलिस ने लाखों का लोहा बरामद किया है। मामले में पुलिस ने कबाड़ी के मैनेजर को पकड़ लिया है। एसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शंकर नगर, छावनी स्थित उदय स्कूल के पीछे पांडे कबाड़ी के गोदाम में ट्रक चालकों से लोहे का स्क्रैप समेत लोहे की सामान रखा गया था। पुलिस ने दबिश देकर लाखों रुपए का रेल पटरी, गैस कटर, तौल मशीन, ऑक्सीजन सिलेंडर, एलपीजी सिलेंडर, लोहे के एंगल, सरिया, अन्य स्क्रैप जब्त किया। चोरी की होने के संदेह पर गोदाम मैनेजर नेहरू चौक, शास्त्री नगर, कैंप-01, भिलाई निवासी नरसिंह यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में मैनेजर नरसिंह ने पुलिस को बताया कि सुरेश सिंह समेत अन्य श्रमिकों के साथ विभिन्न स्थानों से लोहे का सामान पार करने और अन्य व्यक्तियों से लोहे का स्क्रैप खरीदकर गोदाम में रखना स्वीकार किया। गैस कटर से काटने और तौल के बाद भुगतान करने की जानकारी भी दी। पुलिस ने आरोपी नरसिंह यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। मैनेजर के पास से रेल पटरी, लोहे का स्क्रैप, लोहे के एंगल, जाली, लोहे की सरिया, गैस कटर, तौल मशीन, ऑक्सीजन सिलेंडर, एलपीजी सिलेंडर जब्त किया है। कार्रवाई में जामुल पुलिस का बड़ा योगदान रहा है।



- जामुल पुलिस थाना क्षेत्र की घटना
- रेल पटरी, लोहे के एंगल, सरिया समेत कई सामान किए जब्त

वाहन भेजने वाला पकड़ से बाहर

बताया गया है कि उक्त पाण्डेय कबाड़ी के यहां कमीशन लेकर वाहनों को भेजने वाला श्र को पुलिस अब तक नहीं पकड़ पाई है। इसके बारे में इसके पहले भी कमीशन को लेकर हवा उड़ी थी। नहर किनारे फैक्ट्री के आड़ में चोरी का लोहा रखकर बेचने वाले भी पुलिस पकड़ से बाहर है। श्र की इतनी तगड़ी सेटिंग है कि अब रायपुर में भी कमीशन लेकर कारोबार बेखौफ तरीके से फैला रखा है। लेकिन दुर्ग पुलिस तक को इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है। इस कमीशन खोर पर राजनैतिक संरक्षण के चलते कारोबार करता आ रहा है। यह कमीशन खोर लंबे अर्से से खुर्सीपार, छावनी समेत कई जगह पर कारोबार फैला रखा है।

हॉस्पिटल सेक्टर के प्रभावितों ने की निकट व्यस्थापन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हास्पिटल सेक्टर के आवासों से विस्थापित होने वाले परिवारों को अब बेघर होने साथ अब आजीविका की चिंता भी सता रही है। प्रभावित ने आवासहीन आधिकार संघ भिलाई के बैनर तले कलेक्टर से निकट ही व्यस्थापित किए जाने की गुहार की है।

- आवासहीन अधिकार महासंघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

समस्या का निदान नहीं होने पर गरीबों के सड़क पर आ जाने से होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। इस मामले में आस्वासन मिला।

हास्पिटल सेक्टर के रहवासियों ने परिवार के साथ कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि हास्पिटल सेक्टर के आवासों वर्षों से रह रहे हैं। बेदखली होने पर प्रभावितों का निकट ही व्यवस्थापित किया जाए। क्योंकि यहां निवासरत अधिकतर सेक्टर नौ हास्पिटल से रिटायर कर्मियो व अटेंडेंट के बच्चे हैं। यदि दूर आवास दिए गए तो स्कूल जाने में परेसानी होगी।

वहीं जो लोग हास्पिटल या आसपास काम कर परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे हैं, उन्हे भी आने जाने में दिक्कत होगी। सभी ने जल्द निकट ही व्यवस्थापित किए जाने की मांग की है।

विधायक ने रिसाली वार्ड 26 में 2 करोड़ 10 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



भिलाई। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली नगर निगम के वार्ड-26 अवधपुरी में 2 करोड़ 10 लाख रुपये से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों की विधिवत पूजा अर्चना कर नवीन विकास कार्यों की आधारशिला रखी। जिसमें सीसी रोड, पुलिया, कव्हर्ड ड्रेन एवं नाली निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।

चंद्राकर ने कहा कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में विकास की गति लगातार आगे बढ़ रही है। रिसाली के पूरे 40 वार्डों में बिना भेदभाव के विकास कार्य निरंतर जारी हैं। रिसाली के विकास के लिए पैसे की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में रिसाली नगर निगम का चुनाव है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद अनिल देशमुख, मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू जंघेल, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, सोनू राम सिंह, महामंत्री दशरथ साहू, गुड्डु झा, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, शीला नारखड़े, सविता धवस, कमलेश हिरवानी, रविन्द्र साहू, हरीश सिन्हा, रामरतन साहू, संध्या साहू, आरके सरेठा आदि मौजूद थे।

साहू समाज के लोगों से मारपीट करने के विरोध में रैली निकाल किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिला साहू संघ एवं तहसील साहू संघ के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ मार्केट, रूआबांधा में साहू समाज के लोगों के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में बुधवार को रिसाली के जोहार चौक में विरोध प्रदर्शन किया गया। जोहार चौक से रूआंबांधा मार्केट तक रैली निकाली गई। सांसद विजय बघेल से इस मामले में हस्तक्षेप कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। एसपी को भी ज्ञापन सौंपा गया है। आवेदन में पीड़ितों के नाम सुदीप साहू और उत्सव साहू बताए गए हैं। ज्ञापन के अनुसार ये दोनों भाई बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान गाड़ी पीछे करने के दौरान बाइक को टक्कर लगने के बाद विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि गाड़ी ठीक से चलाने की बात कहने पर विवाद बढ़ गया और दूसरे पक्ष के लोगों ने दोनों भाइयों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद मां-बहन, धार्मिक और जातिगत टिप्पणी करते हुए मारपीट की गई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि करीब 8 से 10 लोगों ने दोनों भाइयों को घेरकर पीटा। धारदार हथियारों से हमला किया। मारपीट में एक भाई की नाक की हड्डी टूटने और आंखों में चोट आने की बात आवेदन में कही गई है। पीड़ितों की गाड़ी की चाबी और मोबाइल छीनने लिया गया।

- रूआबांधा मार्केट की घटना को लेकर आक्रोश, सांसद, एसपी को दिया ज्ञापन



गंभीर धाराएं जोड़ने की मांग

ज्ञापन के मुताबिक मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 115(2), 351(3), 127(2) और 3(5) सहित अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। शिकायतकर्ताओं ने घटना की गंभीरता को देखते हुए धारा 103(2), 109, 118(1), 118(2) और 117 के तहत भी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है।साहू समाज ने मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि मांग पूरी नहीं होने पर थाने का घेराव और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।



जुआ खेल रहे 7 जुआरियों से 14 हजार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जुआ खेल रहे सात जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम सोनेसरार में जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दबिश देकर जुआारियों को पकड़ा गया। जिसमें ग्राम सोनेसरार धमधा निवासी यशवंत कुमार वर्मा,राजू पटेल, सुरेश वर्मा, शेष नारायण यादव, पुरुषोत्तम वर्मा, चंद्रशेखर कश्यप, टिकेश्वर वर्मा को पकड़ा गया है। जुआरियों के पास से पुलिस ने 52 पत्ती ताश, नगद 14,100, 6 मोबाइल समेत 1,08,100 रुपए का सामान जब्त किया है। यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर टीआई महेश ध्रुव समेत उनकी टीम मौके पर पहुंचकर कार्रवाई किया। जुआरियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

न्यायालय नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ०ग०)
व्यक्तिगत-सूचना
रा.प्र.क्र.-202607104100012/अ-6-अ/2025-26
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि- आवेदिका बिमला देवी पति स्व. श्री चन्द्रभान साव निवासी मकान नम्बर-183, वार्ड नं. -21, प्रगति नगर, केम्प-01, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा ग्राम उरला प.ह.नं. 16, रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि ख.नं. 290/24 रकबा 0.0110 हे. भूमि आवेदिका एवं अभय सिंह यादव के नाम पर राजस्व अभिलेख है। जिसमें त्रुटिवश आनलाईन रिकार्ड में दर्ज नाम अभय सिंह यादव का नाम हटाकर अभिषेक साव पिता स्व. चन्द्रभान साव का नाम राजस्व अभिलेख में आनलाईन दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका त्रुटि सुधार हेतु प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अतः भूमिस्वामी अभय सिंह यादव पिता लक्ष्मण सिंह यादव को प्रकाशन के माध्यम से दावा आपत्ति/अपना पक्ष व साक्ष्य प्रस्तुत करने अवसर प्रदान किया जाता है। भूमिस्वामी अभय सिंह यादव पिता लक्ष्मण सिंह यादव को उपरोक्त संबंध में आपको किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पेश करनी है तो पेशी दिनांक 22/10/2026 तक स्वंय या अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित मे आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 05/10/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।
मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

निगम आयुक्त सुरूचि सिंह ने ली समीक्षा बैठक

राजस्व वसूली बढ़ाने सहित विभिन्न कार्यों में तेजी के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुरुचि सिंह ने निगम के विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में संपत्ति कर वसूली में तेजी लाने और राजस्व संग्रहण बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

आयुक्त ने वाहनों के संचालन एवं संधारण की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत पोल की सूची तैयार करने तथा स्ट्रीट लाइटों में आने वाली समस्याओं का तत्काल निराकरण कर सुचारू प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने को कहा।



हाईकोर्ट के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाएं

निगम आयुक्त सुरूचि सिंह ने हाईकोर्ट में लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने, शहर के तालाबों की सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासों से संबंधित कार्यों में आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।आगामी नगर निगम चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर मतदान केंद्रों की व्यवस्था सहित निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने अधिकारियों को सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने तथा संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए व्यवस्थाओं में सुधार सुनिश्चित करने कहा।

छात्राओं से दुर्व्यवहार का महिला मोर्चा ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में मणिपुर की छात्राओं से जुड़े कथित दुर्व्यवहार के मामले एवं इस विषय पर कांग्रेस की चुप्पी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने सुपेला स्थित घड़ी चौक पर धरना-प्रदर्शन व पुतला दहन किया गया। भाजपा जिला भिलाई महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष स्वीटी कौशिक ने कहा कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और न्याय के लिए आवाज बुलंद की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, विजय जायसवाल, योगेन्द्र सिंह, विजेंद्र सिंह, मदन सेन, कन्हैया लाल सोनी, वीरेंद्र साहू, दिनेश सिंह, नरेश यादव, दीपक भोंडाकर सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महिला मोर्चा की ओर से प्रदेश महामंत्री शीतल नायक, दुर्ग जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर, जिला महामंत्री स्वाति गुप्ता, सबिता नहक, सरला आचार्य, गीता विश्वकर्मा, निर्मला नायडू, स्नेहा शुक्ला, यशोधा निर्मलकर, निहारिका सिंह, किरण सिन्हा, ममता भारद्वाज, मेघा कौर, कांति वर्मा, मिथिला किचरिया, पद्मिनी साहू, रेना चंद्राकर, उषा चौहान, अंकिता बनर्जी, योगिता साहू, प्रियंका गुप्ता, लक्ष्मी जंघेल, झुमा मेथी, सुरेखा देशमुख, कमलापति चौहान, सादिया, श्यामा सिंह, निकिता सिंहने, प्रभा रानी साहू, पुष्पलता कर, उपासना साहू, कविता विश्वल, नीता चौरसिया, लक्ष्मी वर्मा, लक्ष्मी कुम्भकार एवं संध्या नायक आदि मौजूद थे।



नवरात्रि के चौथे दिन की देवी

माँ कूष्मांडा

नवरात्रि का हर दिन देवी दुर्गा के एक विशेष रूप की उपासना के लिए समर्पित है। चौथे दिन की अधिष्ठात्री देवी माँ कूष्मांडा हैं। इन्हें सृष्टि की जननी और ऊर्जा की आदि स्वरूपा माना जाता है। मान्यता है कि जब सम्पूर्ण ब्रह्मांड अंधकार से ढका हुआ था, तब माँ कूष्मांडा ने अपनी दिव्य मुस्कान और ऊर्जा से इस ब्रह्मांड की रचना की। इसलिए इन्हें कूष्मांडा नाम से जाना जाता है — जिसका अर्थ है थोड़ी सी उष्मा से उत्पन्न ब्रह्मांड।

अपनी दिव्य मुस्कान से ब्रह्मांड की रचना करने वाली आदिशक्ति



नवरात्रि के चौथे दिन मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना की जाती है। इन्हें सृष्टि की रचयिता, आदिशक्ति और ब्रह्मांड में ऊर्जा का संचार करने वाली देवी माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां कूष्मांडा ने अपनी मंद मुस्कान से संपूर्ण ब्रह्मांड की रचना की थी। इसी कारण उन्हें सृष्टि की जननी कहा जाता है। उनका स्वरूप तेज, शक्ति, सकारात्मकता और जीवन ऊर्जा का प्रतीक है।

मां कूष्मांडा का तेज सूर्य के समान प्रखर माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि सूर्यलोक में निवास करने की सामर्थ्य केवल उन्हीं में है। उनका प्रकाश समस्त संसार को ऊर्जा प्रदान करता है। मां की आराधना से साधक के जीवन में उत्साह, आत्मविश्वास और सकारात्मक विचारों का संचार होता है।

अष्टभुजा स्वरूप में विराजमान हैं मां

मां कूष्मांडा को अष्टभुजा देवी भी कहा जाता है, क्योंकि उनकी आठ भुजाएं हैं। उनके हाथों में धनुष, बाण, कमल, अमृतकलश, कमंडल, गदा, चक्र और जपमाला सुशोभित हैं। उनका वाहन सिंह है, जो साहस, शक्ति, पराक्रम और निर्भयता का प्रतीक माना जाता है।

मां के हाथों में सुशोभित विभिन्न आयुध और पूजन सामग्री उनके दिव्य गुणों को दर्शाते हैं। अमृतकलश जीवन और आरोग्य का, कमल पवित्रता का, चक्र शक्ति का और जपमाला साधना एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक मानी जाती है। सिंह पर सवार मां का स्वरूप भक्तों को कठिन परिस्थितियों का सामना साहस और आत्मबल के साथ करने की प्रेरणा देता है।

मंद मुस्कान से की ब्रह्मांड की रचना

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सृष्टि की उत्पत्ति से पहले चारों ओर अंधकार था और कहीं भी जीवन का अस्तित्व नहीं था। उस समय मां कूष्मांडा ने अपनी दिव्य मुस्कान से ब्रह्मांड में प्रकाश और ऊर्जा का संचार किया। उनके तेज से सृष्टि की रचना आरंभ हुई और जीवन के विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ। इसी मान्यता के कारण मां कूष्मांडा को ब्रह्मांड की आदिशक्ति और सृष्टि की मूल जननी कहा जाता है। उनका नाम भी इस सृष्टि-विस्तार की मान्यता से जुड़ा हुआ है। भक्तों के लिए उनका स्वरूप यह संदेश देता है कि प्रकाश, ऊर्जा और सकारात्मकता से जीवन के अंधकार को दूर किया जा सकता है।

नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा श्रद्धा और विधि-विधान से की जाती है। प्रातःकाल स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें और पूजा स्थल को साफ करके मां की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें। दीपक और धूप जलाकर लाल पुष्प अर्पित करें तथा मां का ध्यान करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना करें।

धार्मिक परंपराओं में मां कूष्मांडा को मालपुए का भोग लगाने की मान्यता प्रचलित है। नारियल और लौंग भी पूजा में अर्पित किए जा सकते हैं। पूजा के दौरान मां के मंत्र का श्रद्धापूर्वक जप करें और अंत में आरती कर प्रसाद वितरित करें।

मां कूष्मांडा का मंत्र

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं कूष्माण्डायै नमः।

मान्यता है कि मंत्र जप और सच्चे मन से की गई आराधना साधक को मानसिक शांति, आत्मबल और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करती है।

मां कूष्मांडा की आराधना से मिलती है सकारात्मक ऊर्जा

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां कूष्मांडा की पूजा करने से भय और नकारात्मकता दूर होती है तथा साहस, आत्मविश्वास और मनोबल में वृद्धि होती है। भक्त उनसे सुख, शांति, आरोग्य, समृद्धि और सौभाग्य का आशीर्वाद मांगते हैं। मां की आराधना गृहस्थ जीवन में सुख-शांति और परिवार में सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देती है। उनका दिव्य स्वरूप यह विश्वास जगाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, विश्वास और सकारात्मक सोच के सहारे आगे बढ़ा जा सकता है।

जीवन में प्रकाश और उत्साह का संदेश देती हैं मां

मां कूष्मांडा केवल शक्ति और सृष्टि की प्रतीक ही नहीं, बल्कि जीवन में नई शुरुआत, आशा और सकारात्मक परिवर्तन का संदेश भी देती हैं। उनकी मंद मुस्कान यह प्रेरणा देती है कि प्रसन्नता और सद्भाव से जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष्मांडा की आराधना करते हुए भक्त उनसे जीवन में सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य, शांति और आत्मबल की कामना करते हैं। उनकी भक्ति मन में नई ऊर्जा का संचार करती है और जीवन को प्रकाशमय बनाने की प्रेरणा देती है।













